# संयुक्त सनातन परिषद गठबंधन ने जारी की लोकसभा प्रत्याशियों की सूची

## लखनऊ से चुनावी मैदान में उतरेगें गौरव वर्मा

लखनऊ(आरएनएस )। विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों के गठबंधन संयुक्त सनातन परिषद ने लोकसभा चुनाव के लिये अपने दस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। जिसके मुताबिक लखनऊ से हिन्दू समाज पार्टी से गौरव वर्मा चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। जबकि घोषित अन्य प्रत्याषियों में भारतीय जन–जन पार्टी की ओर से अयोध्या से रजित राम प्रजापति, बाराबंकी से रोहित रावत, संत कबीर नगर से अमृत पाण्डेय, सीतापुर से नितिन त्रिवेदी, मिश्रिख से अनीता वर्मा, बहराइच से सुनील कुमार तिवारी, कैसरगंज से रूपेष कुमार, जालौन से बृजेष कुमार प्रजापति एवं डुमरियागंज से दिलीप मिश्रा चुनावी मैदान में उतरेंगे। प्रत्याशियों की घोषणा से पहले आज भारतीय जन–जन पार्टी के तत्वाधान में राष्ट्रीय मुख्यालय गोयल प्लाजा पर एक समान सनातनी विचारधार रखने वाले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षों की एक अति महत्वपूर्ण बैठकआयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जन–जन पार्टी एवं संयुक्त सनातन परिषद के संयोजक पण्डित मनीश महाजन ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 जो भी प्रत्याशी लड़ेगा वह संयुक्त सनातन भारत परिषद् गठबंधन से चुनाव लड़ेगा। गठबंधन में अमर बलिदानी कमलेश तिवारी की हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन कमलेश तिवारी, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रेमाचार्य जी. पवन मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय प्रबुद्ध समाज पार्टी, स्वर्णकार आर०के० वर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय शिल्पकार पार्टी, पं० श्याम नारायण चौबे राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वजन हित पार्टी, डॉ० एस०के० त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत जन मोर्चा, दिलीप रस्तोगी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सत्याग्रह पार्टी सहित प्रदेश की समाजसेवी संस्थायें मानव एकता एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष एल०पी० सिंह, समाजिक उद्योग व्यापार मण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी, आदर्श व्यापारी एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सोनी, राष्ट्रीय मनावाधिकार सुरक्षा परिषद् कीर्ति सिंह, विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता संगठन प्रदेश महासचिव श्रीकांत द्विवेदी ने गठबंधन को अपना समर्थन पत्र दिया एवं हिन्दू वानर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने–अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी। पं० मनीष महाजन ने बताया कि समाज में हो रहीं हिन्दू जनमानस के साथ सभी पार्टी सेवाभाव के निरन्तर प्रयास करती रहती है। जिसके कारण हमें विश्वास है कि सनातन भारत परिषद् के समस्त प्रत्याशी को आवश्य ही सफलता मिलेगी।

# 04 अप्रैल तक 110.88 करोड़ की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गयी

लखनऊ (आरएनएस )। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्ते अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती कर रही है। चार अप्रैल तक आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 04 अप्रैल तक कुल 110.88 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी आदि जब्त किये गये हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जारी बयान में बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 04 अप्रैल, 2024 तक कुल 110.88 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी आदि जब्त की गयी है। इसमें 2,020.93 लाख रुपये नकद धनराशि, 2799.35 लाख रुपये कीमत की 819492 लीटर शराब, 4352.74 लाख रुपये कीमत की 7021713.63 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 137.27 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 04 अप्रैल को कुल 164.09 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त किया गया। इसमें 16.24 लाख रुपये नकद धनराशि, 57.16 लाख रुपये कीमत की 21566.82 लीटर शराब, 86.05 लाख रुपये कीमत की 103861.55 ग्राम ड्रग एवं 4.65 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। 04 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में जनपद सहारनपुर की बेहट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30.80 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 308 ग्राम ड्रग, जनपद अलीगढ़ की इगलास विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.81 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 51250 ग्राम ड्रग तथा जनपद कौशाम्बी की मंझनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.39 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 41.55 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। इसके अतिरिक्त जनपद मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 7.25 लाख रुपये नकद एवं 4.50 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री पकड़ी गयी।

## एसटीएफ ने पांच लोगों को रंगे हाथों दबोचा

लखनऊ (आरएनएस )। एसटीएफ यूपी को हाइवे से गुजरने वाले टैंकर चालकों को प्रलोभन देकर टैंकर में लोड डीजल व पेट्रोल निकालकर अन्तर्राज्यीय स्तर पर सप्लाई करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को लगभग 21,800 लीटर डीजल व 440 लीटर पेट्रोल के साथ टैंकर से डीजल निकालते समय कालपी जालौन से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सैफ अली, भूरा, बरकत अली, मुस्ताक,इरफान खान है। इनके कब्जे से कुल 21,800 लीटर डीजल (14 ड्रम लगभग 2800 लीटर एवं टैंकर में 19,000 लीटर) , कुल 440 लीटर पेट्रोल (दो ड्रम लगभग 400 लीटर लगभग पेट्रेल एवं एक जरीकेन 40 लीटर) , एक छोटा हाथी सुपर कैरी, एक टैंकर, नगद 8070 रुपये , चार मोबाइल फोन बरामद किया है। इन अभियुक्तों को कानपुर झांसी हाईवे पर चौहान ढ़ाबा के पास थाना क्षेत्र कालपी जनपद जालौन से गुरुवार की रात को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में डीजल व कैमिकल आदि को टैंकर चालको की मिली भगत से चोरी से निकाल कर बिक्री करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी।इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयोंध्टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। गुरुवार एसटीएफ टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अवैध तरीके से डीजल के टैंकरो से चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों द्वारा कालपी जनपद जालौन में हाईवे से गुजरने वाले टेंकरो के चालको को प्रलोभन देकर टेंकरो में लोड डीजल को चोरी से निकाल कर हाइवे के पास ही चिन्हित स्थान पर रखते है। इस सूचना पर एसटीएफ कानपुर टीम स्थानीय पुलिस को साथ लेकर चौहान ढ़ाबा के पास थाना क्षेत्र कालपी, जालौन से उपरोक्त पांच व्यक्तियों को टैंकर से तेल चोरी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनके कब्जे से उपरोक्त बरामदगी हुई।गिरफ्तार अभियुक्त सैफ अली व बरकत अली ने पूछताछ में बताया कि उन लोग का एक गिरोह है जो कई वर्षो से हाइवे से गुजरने वाले टैंकरों के ड्राइवरों को प्रलोभन देकर डीजल व पेट्रोल चोरी करता है। वह चोरी किये हुए डीजलध्पेट्रोल को अन्तर्राज्यीय स्तर पर कम दामों में बेचते है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतावली कालपी जनपद जालौन में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# फव्वारों से डेंगू लार्वा का होगा खात्मा नगर स्वास्थ्य व स्वास्थ्य विभाग ने चलाया संयुक्त अभियान

लखनऊ (आरएनएस )। राजधानी वासियों को बहुत जल्द डेंगू मच्छरों से निजात मिलने वाली है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व नगर स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अभियान चलाया गया है। शुक्रवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने बताया कि बुद्धेश्वर मंदिर स्थित तालाब और फव्वारे में साफ पानी पनपने वाले डेंगू मच्छर खात्मा करने के लिए गंबूजिया मछली को छोड़कर अभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में जितने भी फव्वारा और तालाब हैं उन्हें चिंहित करने का कार्य किया जा रहा है जहां गंबूजिया मछली को छोड़ा जायेगा जिससे एडीज मच्छर से पनपने वाले डेंगू मच्छर लार्वा खत्म होगा और डेंगू मच्छर पनपने पर अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि यह गंबूजिया मछली पानी में जमा काई को भी खा जाती है जिससे पानी को साफ सुथरा रखने का कार्य करती है। वहीं मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने नगर स्वाथ्य व स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव होगा। इसी क्र म में डॉ.विजय ने बताया कि हर रविवार,मच्छर पर वार स्लोगन के तहत सभी सप्ताह में अपने घरों की साफ जरूर करनी चाहिए।जिसमें कूलर,फ्रिज,गमलों ,टायर में जमा होने वाले पानी को एक त्र न होने दें और फुल अस्तीन के कपड़ों को पहनें ,मच्छर रोधी क्रीम का प्रयोग करें। उन्होंने क हा कि नगर स्वास्थ्य व स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर वासियों के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। जिसमें अधिक जानकारी के लिए जिला मलेरिया अधिकारी 9889096678 एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी 9839249286 के नंबरों पर कॉल कर जानकारी ली जा सकती है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व वेक्टर बॉर्न नोडल अधिकारी डॉ.गोपी लाल,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.विजय कुमार,एम्बेड जिला कोआर्डिनेटर धर्मेन्द्र,सेनेटरी एंड फूड अधिकारी आरसी यादव,एम्बेड की क्षेत्रीय अधिकारी शालिनी समेत मंदिर कमेटी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# वैश्य समुदाय, समाज में सृजन का काम करता है डा. बोरा

## बोले, अयोध्या के चारों तरफ कमलापुरी वैश्यजनों की है घनी आबादी

### प्रांतीय अध्यक्ष जगप्रसाद गुप्ता ने की लखनऊ नगर के नये अध्यक्ष व महामंत्री की घोषणा

लखनऊ (आरएनएस )। अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा लखनऊ के तत्वावधान में राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित एक सभागार में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कमलापुरी वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष जगप्रसाद गुप्ता ने अपनी खास उपस्थिति दर्ज करायी। इसी दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ उत्तर क्षेत्र के जनप्रिय भाजपा विधायक डॉ. नीरज बोरा भी होली मिलन समारोह में पहुंचे और मंच पर ही सभी कमलापुरी बंधुओं संग फूलों की होली खेली।डॉ. बोरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कमलापुरी वैश्यजनों के बीच आकर ऐसा लग रहा है कि अपने परिवार के बीच आ गया। आगे कहा कि लखनऊ से आगे अयोध्या धाम की तरफ बढ़िये तो कमलापुरी वैश्यजनों की चारों तरफ घनी आबादी है और यही नहीं उनकी स्वयं की जन्मस्थली भी सिद्धार्थनगर जनपद है और बढ़नी आसपास के इलाके में आप सभी बड़ी संख्या में निवासित हैं। वैश्य राजनेता ने कहा कि हम वैश्य समुदाय के लोग समाज में सृजन अर्थात निर्माण का कार्य करते हैं और इससे जुड़े हर प्रकार के कार्य को बढ़ावा देने का काम करते हैं।यही नहीं इस बांटने की नीति में कहीं पर भी जात–पात या फिर किसी पंथ का प्रभाव नहीं होता बल्कि निरपेक्ष भाव से वैश्य समाज के लोग सेवा करते हैं। उन्होंने आखिर में यही कहा कि आप सभी कमलापुरीजनों को लखनऊ के अलावा कहीं पर भी किसी प्रकार से उनकी जरूरत पड़ती है तो वो सदैव तत्पर रहते हैं और आगे भी रहेंगे। फिर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जब भी वो सूबे में वैश्य व व्यापारी समुदायों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं तो उनकी तरफ से हमेशा से सकारात्मक आश्वासन ही मिलता है।होली मिलन समारोह में लखनऊ के अलावा गोंडा, बलरामपुर, कानपुर नगर, गोरखपुर, उतरौला, सादुल्लानगर, मनकापुर–मसकनवां, बभनान, गौरा पांडे, गौरा चौकी, बस्ती, अयोध्या, जौनपुर केराकत सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कस्बों और ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में कमलापुरी समुदाय के पुरूष, महिलायें, बुजुर्ग व बच्चे शामिल हुए और मंच पर रंगारंग कार्यक्रमों की भी मनमोहन प्रस्तुति दी गई।साथ ही समुदाय के ही विभिन्न क्षेत्रों से जुडे" प्रतिनिधियों को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिये प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री रामदीन गुप्ता कमलापुरी ने मंच से सम्मानित भी किया और युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष ने सबके सर्वसम्मति से कमलापुरी वैश्य महासभा की लखनऊ नगर इकाई के तहत चन्द्रभान गुप्ता को नगर अध्यक्ष पद पर तो रवि गुप्ता पत्रकार को नगर महामंत्री के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की।प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने बताया कि इस दौरान प्रदेश संरक्षक हरि प्रसाद गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ नेमचंद गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता–अंजनी गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में क्रमशरू रामनिवास गुप्ता, पवन गुप्ता पलालू, रामनरेश गुप्ता बड़कन, ओम प्रकाश गुप्ता, युवा प्रदेश मंत्री अंकुर गुप्ता और युवा इकाई प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता पाचू, वरिष्ठ पत्रकार अशोक नवरत्न और गोंडा से प्रमुख पदाधिकारियों में वैश्य महासभा कोषाध्यक्ष दुष्यंत कमलापुरी उर्फ ज्ञान गुप्ता, ध्रुव कमलापुरी, गोरखपुर से प्रमुख प्रतिनिधियों में रामकुमार गुप्ता, संदीप गुप्ता व`लखनऊ के युवा टीम में राहुल गुप्ता, मानव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कमलापुरीजन शामिल हुए।

# देश में गरीबों की सरकार चल रही – ब्रजेश पाठक

लखनऊ(आरएनएस)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को बाराबंकी में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकसित होने की ओर अग्रसर है। शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में भाजपा की सोशल मीडिया लोकसभा वॉलेंटियर्स सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, देश में गरीबों की सरकार चल रही है, गरीब कल्याण की सैकड़ों योजनाएँ चल रही हैं, जिनका असर धरातल पर दिख रहा है। आज गरीबों के हक पर कोई डाका नहीं डाल सकता, गरीब को सीधे उसके खाते में डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मोदी जी पर देश की जनता का आशीर्वाद बना हुआ है, उनके नेतृत्व में यूपी में भाजपा 80 की 80 सीटें जीतने जा रही है।

उन्होंने कहा कि, मौजूदा समय में भ्रष्टाचारियों व गुंडों की दुकानें बंद हो गई हैं। पब्लिक सब जानती है। इस चुनाव में इनके शटर गिरा देना है फिर पनपने का मौका नहीं देना है। अवधी में भाषण देते हुए जब उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गुंडा बदमाशन कै लुप लुप कर रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन की पूर्ववर्ती सरकार के समय कामनवेल्थ खेल में 50 रुपये वाली मच्छर भगाने की टिकिया 1000 में खरीदी गई। मंत्री जेल गए। इसके बाद कोयला घोटाला, टू जी स्पेक्ट्रम घोटाले में कांग्रेस के मंत्री जेल गए। सेना के सामानों की खरीद में लूट हुई। कहा कि सपा सरकार में गुंडा राज था। कहा कि, बाराबंकी में प्लाट पर सपा के नेता अवैध कब्जा कर लेते थे। जीप में कई बंदूकधारी बैठकर जनता को धमकाते थे। 2014 में श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। उन्होंने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई। सभी राष्ट्रों का दौरा किया। देश की गरीब जनता के लिए योजनाएं चलाईं। आज हम छाती ठोंक के कह सकते हैं कि हर गरीब को पक्का मकान मिला है। अब माताओं बहनों को शौच जाने के लिए शाम होने का इंतजार नहीं करना पड़ता। घरों में शौचालय बने हैं। बहन बेटियां सम्मानपूर्वर्क जीवन जी रही है।

# वोटरों के पास समय से पहुंचे मतदाता पची रिणवा

लखनऊ (आरएनएस )। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरन्तर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है। उक्त बातें प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग के मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में मतदान में कम सहभागिता विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा कोटेदारों (उचित दर की दुकानों के विक्रेता) के माध्यम से लोगों को मतदान को जागरूक किया जा रहा।गैस सिलेण्डर तथा बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित हो रहा। जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा बीएलओ द्वारा बांटी जा रही मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड की नियमित रुप से मॉनीटरिंग की जा रही है, जिससे प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। सम्मेलन में निर्वाचन आयोग के समक्ष लखनऊ नगर निगम आयुक्त इंद्रजीत सिंह, नगर निगम आयुक्त कानपुर शिव शरण अप्पा ने पीपीटी के माध्यम से मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बतायी।मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मेलन में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के विषय पर चर्चा की गयी। उनके द्वारा अपेक्षा की गयी कि उ0प्र0 राज्य सबसे अधिक मतदाता वाला राज्य है। इस राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ने से देश का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। इसलिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत, औसत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत 67.40 के बराबर लाने का प्रयास किया जाये।

# 01 मार्च से 04 अप्रैल तक कुल 110.88 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त की गयी

## उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 04 अप्रैल, 2024 तक कुल 110.88 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, इसमें 2,020.93 लाख रुपये नकद धनराशि, 2799.35 लाख रुपये कीमत की 819492 लीटर शराब, 4352.74 लाख रुपये कीमत की 7021713.63 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 137.27 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 04 अप्रैल, 2024 को कुल 164.09 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 16.24 लाख रुपये नकद धनराशि, 57.16 लाख रुपये कीमत की 21566.82 लीटर शराब, 86.05 लाख रुपये कीमत की 103861.55 ग्राम ड्रग एवं 4.65 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। 04 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद सहारनपुर की बेहट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30.80 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 308 ग्राम ड्रग, जनपद अलीगढ़ की इगलास विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.81 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 51250 ग्राम ड्रग तथा जनपद कौशाम्बी की मंझनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.39 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 41.55 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। इसके अतिरिक्त जनपद मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 7.25 लाख रुपये नकद एवं 4.50 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री पकड़ी गयी।


## गुमशुदा की तलाश



नाम–हरीशचंद्र
उम्र– 45 साल
मानसिक विक्षिप्त
निवासी– ग्राम दनियापुर पोस्ट सफेदाबाद,
जिला–बाराबंकी
पिता–राम चरित्र
सुबह 08:00 बजे से घर से लापता है, जिसे भी मिले नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करे
7068273151, 8127433961, 845144373


# मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग के मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए आयोजित सम्मेलन में किया प्रतिभाग

## मतदाताओं के पास समय से मतदाता पर्ची पहुंचे, सुनिश्चित किया जा रहा – नवदीप रिणवा

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में कम मतदान प्रतिशत वाले जनपदों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सम्बन्धित जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश भी निर्गत किये गये है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरन्तर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है। उक्त बातें प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग के मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में मतदान में कम सहभागिता विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहीं।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा कोटेदारों (उचित दर की दुकानों के विक्रेता) के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गैस सिलेण्डर तथा बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा बी0एल0ओ0 द्वारा बांटी जा रही मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड की नियमित रुप से मॉनीटरिंग की जा रही है, जिससे प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के पास समय से मतदाता पर्ची पहुंचने से उन्हें मतदान करने से सम्बन्धित सभी जानकारियां प्राप्त हो जाती है।

सम्मेलन में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष लखनऊ के नगर निगम आयुक्त, इन्द्रजीत सिंह तथा कानपुर के नगर निगम आयुक्त शिव शरण अप्पा ने पी0पी0टी0 के माध्यम से मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बतायी। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मेलन में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के विषय पर चर्चा की गयी। उनके द्वारा अपेक्षा की गयी कि उ0प्र0 राज्य सबसे अधिक मतदाता वाला राज्य है। इस राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ने से देश का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। इसलिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत, औसत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत 67.40 के बराबर लाने का प्रयास किया जाये। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा अपेक्षा की गयी है कि मतदान के दिन निजी वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाये। धूप से बचने के लिए शेड की व्यवस्था, लम्बी लाइनों के बीच में मतदाताओं को बैठने की सुविधा के लिए कुर्सी रखी जाये तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाये। मतदाताओं को लोकतंत्र का उत्सव के रुप में मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये। सम्मेलन में जनपद प्रयागराज, भदोही, श्रावस्ती, गोण्डा एवं सिद्धार्थनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंसियाना है. सांसद बृजलाल

लखनऊ(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई प्रेसवार्ता में कहा कि सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंसियाना है। शिवपाल यादव का बदायूँ में वोट न देने पर हिसाब. किताब कर धमकाने की बात करना सपाई असलियत को उजागर करता है। बदायूं से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शिवपाल यादव का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। जिसमें वे वोट न देने वाले लोगों से हिसाब किताब करने की बात कहकर धमकाने का काम कर रहे हैं।

## सी.एम.एस. अलीगंज कैम्पस ‘नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड’ से सम्मानित

लखनऊ, 5 अप्रैल। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस को शैक्षिक क्षेत्र में नवीनता व उत्कृष्टता के अभिनव प्रयोग हेतु ‘नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड’ से सम्मानित किया गया है। अभी हाल ही में गुरूग्राम, हरियाणा में आयोजित नेशनल अवार्ड सम्मान समारोह में भारत में इजराइल के राजदूत श्री नाओर गिलोन ने बतौर मुख्य अतिथि सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस को इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा। विद्यालय की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति कश्यप की ओर से विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज सुश्री दिव्या मेहता शर्द ने ‘नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड’ ग्रहण किया। सम्मान समारोह का आयोजन शैक्षिक पत्रिका एजूकेशन वर्ल्ड एवं साहित्यिक पब्लिकेशन्स ब्रिबुक्स के तत्वावधान में किया गया। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस को यह सम्मान भावी पीढ़ी की साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा देने, रचनात्मक सोच व सृजनात्मक क्षमता के विकास हेतु उपयुक्त वातावरण व मार्गदर्शन प्रदान करने एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया गया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।अपनी अनूठी शिक्षा पद्धति के कारण सी.एम.एस. आज देश के टॉप विद्यालयों में शामिल हैं एवं इन्हीं उपलब्धियों का परिणाम है कि लखनऊ आज सारे देश में ‘क्वालिटी एजूकेशन’ का केन्द्र बन गया है जो कि लखनऊवासियों के लिए गर्व का विषय है।




## स्कूली बच्चों द्वारा गुलाब का फूल देकर किया गया मतदान के प्रति जागरूक

झांसी! भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार ,जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार के कुशल नेतृत्व में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 (स्वीप)अभियान के क्रम में आज झांसी स्थित इलाइट के व्यस्ततम चौराहे पर यातायात पुलिस की




ट्रैफिक वार्डन कुमारी प्रगति शर्मा द्वारा , क्षत्रिय कलचुरी कलवार महासंघ के अध्यक्ष अजीत राय के मुख्य आतिथ्य तथा यातायात विभाग झांसी से टी एस आई शशिकांत के विशिष्ट आतिथ्य में सीपरी बाजार झांसी के अहिल्याबाई पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा इलाइट चौराहे से निकलने वाले प्रत्येक वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया तथा झांसी का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु बच्चों द्वारा नारे भी लगाए गए ।संचालन ट्रैफिक वार्डन दीपशिखा शर्मा ने किया।

## सफल पत्रकारिता के बाद रमेश अवस्थी की राजनीति में दस्तक क्या गुल खिलाएगी

मनीष दुबे कानपूर । दैनिक आज से सहारा समय तक लगभग तीन दशक से अधिक समय तक बतौर पत्रकार और एंकर रहने के बाद जनपद के अमृतपुर क्षेत्र के गांव नगला हूसा के निवासी रमेश अवस्थी ने अब राजनीति की दुनिया में मजबूत दस्तक दी है। उन्हें कानपुर से भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है।हालांकि छात्र जीवन से ही उनकी रुचि राजनीति में रही है। वह यहां बद्री विशाल डिग्री कालेज के छात्रसंघ अध्यक्ष भी रह चुके हैं। रमेश अवस्थी ने सहारा समय में फर्रुखाबाद के जिला प्रभारी से लेकर शीर्षस्थ पदों पर रहकर एक पत्रकार की हैसियत से अपना विशिष्ट स्थान बनाया। वह सहारा समय पर प्रसारित होने वाले टीवी–शो समय संवाद में बतौर एंकर मेजबानी करते रहे हैं।इसके अलावा भारत सरकार की हिंदी राजभाषा सलाहकार समिति और उत्तर प्रदेश की



स्वच्छता समिति के सदस्य हैं। राजनीतिक गलियारों में भी रमेश अवस्थी की मजबूत पकड़ है। रमेश अवस्थी कई वर्षों से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल काव्यंजलि का आयोजन करते है। इसका एक आयोजन फर्रुखाबाद में भी हो चुका है।जनपद की अमृतपुर तहसील के गांव नगला हूसार में एक दिसंबर 1967 (आयु 56वर्ष) को जन्मे रमेश अवस्थी ने यहां बद्री विशाल डिग्री कालेज से एमए किया। इस दौरान वह कालेज के छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे। बाद में उन्होंने एलएलबी और एमफिल की डिग्री की हासिल की। शुरुआत में उन्होंने यहां दैनिक आज अखबार से पत्रकारिता का कैरियर शुरू किया। इसी दौरान उनका चयन सहारा समय में जिला प्रभारी (ब्यूरो चीफ) के तौर पर हो गया।पत्रकारिता का शौक ऐसा लगा कि लेखपाल के पद चयन के बावजूद उन्होंने योगदान नहीं किया और अपने पत्रकारिता के कैरियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। नोएडा से कानपुर तक सफलताओं के परचम लहराने के बाद अब उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में भी भाजपा का कानपुर से लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर टिकट हासिल कर एक मजबूत दस्तक दी। हालांकि इससे पूर्व वह दो बार बांदा से भी लोकसभा के टिकट पर दावेदारी करते रहे हैं। हालांकि इसी माह वह पत्रकारिता के सफर को विराम देते सहारा न्यूज नेटवर्क में ग्रुप एडिटर, एडमिनिस्ट्रेशन हेड व चौनल हेड के पदों से त्यागपत्र दे चुके हैं।

# सेक्रेटरी की मिलीभगत से मजदूरी का पैसा हड़प गये प्रधान

बल्दीराय सुल्तानपुर (आरएनएस )। धनपतगंज बिकास खण्ड अंतर्गत भरसड़ा गांव में प्रधान व सेक्रेट्री द्वारा प्रधान के खाते में भेजे जाने का प्रकरण गरमाता जा रहा है।जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर पखवारे भर में सन्तोष जनक जवाव न देने पर वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारी सीज किये जाने की सख्त चेतावनी दी है।मामला बिकास खण्ड के भरसड़ा गांव का है।गांव निवासी प्रदीप पांडेय ने शिकायत कर ग्राम प्रधान पर सेक्रेटरी की मिलीभगत से मजदूरों की मजदूरी मजदूरों के बजाय ग्राम प्रधान के खाते में भेज कर शासनादेश की अनदेखी तथा पद का दुरुपयोग किये जाने समेत सरकारी धन के गबन का गम्भीर आरोप लगाया जिसकी जांच हेतु सहायक बिकास अधिकारी धनपतगंज से जांच आख्या मंगाई गई।सहायक बिकास अधिकारी पंचायत ने 17 फरवरी को जांचोपरांत प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा मजदूरी प्रधान के खाते में भेजे जाने की पुष्टि करते हुये अपनी आख्या उच्चाधिकारियों को भेज दी।जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने प्रधान व सेक्रेट्री को 21 फरवरी को इसे शासनादेश का उलंघन,पद का दुरुपयोग व सरकारी धन के गबन का दोषी मानते हुए प्रधान शिवगोपाल यादव व तत्कालीन सेक्रेटरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सप्ताह भर में जबाब मांगा गया था जिसके जबाब से असंतुष्ट होकर जिलाधिकारी सुल्तानपुर द्वारा प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा 3 अप्रैल को ग्राम प्रधान शिव गोपाल यादव को उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)6 में दिये गए प्राविधानों के अंतर्गत नोटिस जारी करते हुए समय से सन्तोष जनक जबाब न मिलने पर वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाने की चेतावनी दी है।तत्कालीन सेक्रेटरी प्रभाकर सिंह से भी जिलापंचायत राज अधिकारी सुल्तानपुर द्वारा नोटिस की

## शादी का झांसा देकर दलित युवती से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर(आरएनएस )। एक बेहद सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां एक दलित युवती रेप का शिकार हुई है। उसे छह माह का गर्भ ठहर गया है। बताया जा रहा कि शादी का झांसा देकर आरोपी युवक लगातार युवती के साथ जबरन दुराचार करता रहा। मामला कोतवाली लंभुआ के एक गांव का है, जहां पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 24 वर्षीय युवती के साथ एक युवक शादी का झांसा देकर जबरन 6 माह तक दुराचार करता रहा। इस बीच डर के मारे युवती ने किसी से कोई जिक्र नहीं किया। इधर युवती गर्भ से हो गई और उसे इसकी खब्बर भी नहीं हुई।

# मित्रता सुदामा व कृष्ण जैसा होना चाहिए: राधेश

गोसाईगंज–अयोध्या(आरएनएस )। गोसाईगंज कस्बे के रामगंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथाव्यास आचार्य राधेश शास्त्री ने कहाकि कितनी भी विषम परिस्थिति क्यों न हो भगवत भजन कभी नहीं छोड़ना चाहिए। श्रद्धा और निः स्वार्थ पूर्वक की गई साधना कभी व्यर्थ नही जाती है। प्रभु की करुणा भक्त पर जरुर बरसती है। भगवान भाव के भूखे होते हैं।गरीबों,असहायों की मदद करना ही सभी लोगों का उद्देश्य होना चाहिये।कथाव्यास ने सुदामा चरित्र की कथा के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहाकि मित्रता कृष्ण और सुदामा जैसी होनी चाहिए।सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे और भिक्षा मांगकर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते थे। कभी–कभी तो उन्हें अपने परिजनों के साथ भूखे पेट ही सो जाना पड़ता था, लेकिन उसके बाद भी उन्होंने अपना धर्म नही छोड़ा और भगवत भजन करते रहे। पत्नी के बार–बार कहने पर वे अपने बाल सखा द्वारकाधीश के पास गए। अंत में प्रभु ने बिना मांगे ही उन्हें सब कुछ दे दिया। अंत मे परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाकर कथा को विराम दिया।उक्त अवसर पर रामविलास गुप्ता,सीमा शुक्ला, रामआज्ञा गुप्ता, प्रेम गुप्ता, सुमित गुप्ता, स्नेह गुप्ता, अतुल तिवारी, श्रीनाथ ट्रेडर्स, हेमंत कसौधन, सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे ।

# अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न

### –चन्द्र दर्शन के अनुसार ईद–उल–फितर का त्यौहार 11 अप्रैल को मनाया जाना संभावित

अयोध्या(आरएनएस )। रमजान माह के अलविदा की नमाज शांति एवं सौहार्द के माहौल में सकुशल सम्पन्न होने पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, मण्डल एवं जनपद के अधिकारियों द्वारा बराबर भ्रमण किया गया तथा स्थानीय अधिकारियों का भी भ्रमण होता रहा। सभी के सहयोग एवं आपसी सद्भाव से रमजान माह के अलविदा की नमाज शांति एवं सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हुई। चन्द्र दर्शन के अनुसार ईद–उल–फितर का त्यौहार 11 अप्रैल 2024 को मनाया जाना संभावित है।सोहावल क्षेत्र में रमजान के आखिरी शुक्रवार पर जुमा की संपन्न हुई अलबिदा की नमाज शांति पूर्ण रही। क्षेत्र की निर्धारित 22 से ज्यादा मस्जिदों में नमाज के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी। हर मस्जिद पर उप–निरीक्षक सिपाही और होमगार्ड के जवान तैनात किए गए थे। बतौर मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार, उप–जिलाधिकारी स्वयं नमाज स्थलों का भ्रमण करते रहे। ठीक एक बजे से शुरू हुई इस नमाज के लिए सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग अपने घरों के आसपास की मस्जिदों में इकट्ठा हुए। रौनाही की प्रसिद्ध जामा मस्जिद में इमाम मुक्ति मो 0 इरसाद सोहावल चौराहा की मस्जिद में इमाम कारी जमशेद ने नमाज पढ़ाई। जगनपुर, चिररा,कोला शरीफ , रसूलपुर सकरवाल , बड़ागांव, संजयगंज बाजार आदि सहित मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सुरक्षा का कड़ा इंतजाम रहा।रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि सभी निर्धारित नमाज मस्जिदों में नमाज शांति पूर्ण संपन्न हो गई। प्रशासन चौकन्ना है। असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम है।

# रामनवमी के अवसर पर 200 स्थानों पर लगेंगे जलप्याऊ व जलपान शिविर

### –रामनवमी के अवसर पर अयोध्या आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु हमारा अतिथि – लल्लू सिंह

अयोध्या।(आरएनएस ) रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं के लिए पार्टी द्वारा लगभग 200 स्थानों पर जलप्याऊ तथा जलपान शिविर लगाए जाएंगे। जिसकी प्रमुख जिम्मेदारी महानगर महिला मोर्चा को सौंपी गई है। चौत्र प्रतिप्रदा से शिविर की शुरूवात होगी जो रामनवमी तक चलेगा। अयोध्या कैंट तथा अयोध्या धाम में सभी प्रमुख चौराहों, स्थलों , नगर निगम, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा पर कैम्प लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए सुविधा के लिए सुविधा शिविर लगाए जाएंगे। जहां पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लोक सभा चुनाव कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पार्टी का स्थापना दिवस व अम्बेडकर जयंती को वृहद रूप में मनाने की तैयारी पर भी चर्चा की गई। 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस व 14 अप्रैल अम्बेडकर जयंती समरसता दिवस के अवसर पर महानगर के 400 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें।

बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या आना वाला प्रत्येक श्रद्धालु हमारा अतिथि है। कार्यकताओं ने जिस प्रकार समन्वय बना कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भक्तों की सेवा कर अयोध्या के आतिथ्य भाव को प्रस्तुत किया था। उसी प्रकार रामनवमी के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान कार्यकर्ता रखें।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान पार्टी कार्यकर्ता रखेंगे। स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने आवास पर पार्टी का ध्वज लगाएंगे। बूथ स्तर पर पं दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम व नगर निगम व रोडवेज स्थित श्याम प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। समरसता दिवस पर सभी बूथों पर डा अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, अनूसूचित बस्ती में फल वितरण तथा लाभार्थियों से सम्पर्क अभियान पार्टी कायकर्ता चलाएं।

महानगर संघ चालक विक्रमा पाण्डेय ने कहा रामनवमी के अवसर पर संघ व भाजपा के कार्यकर्ता आपसी समन्वय के आधार पर वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करें। बैठक में लोकसभा चुनाव कार्यालय पर लोकसभा संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, ऋषिकेश उपाध्याय, अशोक कसौधन अभिषेक मिश्र, ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, विशाल सिंह बाबा, अशोक द्विवेदी, आशा गौड,द्द रीना द्विवेदी, अनीता सिंह, मालती चौहान, प्रतिमा शुक्ला, अनुराग त्रिपाठी, बालकृष्ण वैश्य, प्रताप सिंह, वरुण चौधरी, शशि प्रताप सिंह, शैलेंद्र कोरी, परमानंद मिश्रा, आकाश मणि त्रिपाठी, सूरज सोनकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अपने ही जुटे साइकिल की हवा निकालने में, बैठकों से नहीं बनी बात

### ‘ आब्जर्वर सुल्तानपुर में आकर परखेंगे हकीकत’

सुलतानपुर(आरएनएस )। सपा प्रत्याशी भीम निषाद ने चीनी मिल स्थित केंद्रीय कार्यालय खोला हुआ है। खुलने वाले दिन को कार्यालय पर लगा ताला एक सप्ताह बाद भी नहीं खुला। लोकसभा प्रभारी से लेकर पूर्व विधायक व संगठन के प्रमुख जिम्मेदार प्रत्याशी को पचा नहीं पा रहे। लखनऊ में हुई दो बैठके बेमानी हो गई हैं। अब आब्जर्वर आकर यहां हकीकत परखेगें। ये सूरतेहाल तब बनी हुई है जब 14 हजार से जीत दर्ज कराने वाली मेनका गांधी तीन लाख पार का नारा देकर चार दिनों से क्षेत्र में दो–दो दर्जन गांवों का दौरा कर रही। ऐसे में कहा जा सकता है कि सपाई साइकिल हवा निकालने में जुटे हैं। गौरतलब रहे कि बीते 16 मार्च को भीम निषाद इंडिया गठबंधन से सपा उम्मीदवार घोषित हुए। 21 मार्च को भीम ने अंबेडकर नगर से सटे दोस्तपुर से अपना चुनावी शंखनाद किया। 28 मार्च को उन्होंने जिले में चुनाव कार्यालय खोला। इसी दिन बातौर गठबंधन प्रत्याशी उनकी कांग्रेस कार्यालय पर पहली परिचयात्मक बैठक भी हुई। लेकिन यही वो दिन था जब जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायकों का गुट कार्यक्रम से दूरी बना टिकट कटाने के लिए लखनऊ में डटे थे। सभी पूर्व मंत्री राम भुआर निषाद को प्रत्याशी बनाने के लिए घोड़ा खोले हुए थे। भीम भी लखनऊ पहुंचे दोनों खेमा अखिलेश के सामने हुआ दफ्तर में बात बनने के बाद यहां लौटते ही विरोध के बिगुल बज उठे। दो दिन क्षेत्र में कैंपेनिंग करने के बाद भीम निषाद इसौली विधायक के साथ फिर लखनऊ पहुंचे। फिर दोनों मुखिया के सामने हुए। काफी समझाने बुझाने के बाद लोकसभा प्रभारी से लेकर जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायकों का गुट भीम को प्रत्याशी मानने को राजी नहीं हुआ। ऐसे में आब्जर्वर आकर ग्राउंड रिपोर्ट लेगा इसके बाद अंतिम निर्णय आएगा। इस स्थिति में वर्कर खासा ऊहापोह में हैं कि पब्लिक में कैसे जाएं और क्या बताएं। दरअस्ल इसकी सबसे बड़ी वजह छनकर जो सामने आ रही है वो ये कि जिले में दो लाख से अधिक निषाद मतदाता हैं। प्रत्येक निषाद वोटर ने भीम को लेकर माइंड सेट कर लिया है। ऐसे में 4 जून को परिणाम जो भी आए, अगर माइनस में नतीजा रहा लेकिन मत प्रतिशत बढ़ा तो भीम का चेहरा एक बड़े नेता के रूप में होगा। यहां जयसिंहपुर विधानसभा सीट निषाद बाहुल्य सीट भी है। जहां दो बार बीएसपी से भाग्य आजमाने वाले राज प्रसाद उपाध्याय ने दल बदल कर निषाद पार्टी से टिकट लिया और निषाद वोटों से चुनकर विधानसभा पहुंच गए। सपा के पूर्व विधायक और वर्तमान में लोकसभा प्रभारी अरुण वर्मा इसी जयसिंहपुर से 2012 में एमएलए हुए थे। सबसे कम उम्र में विधायक बनने वाले वो पहले नेता थे। लेकिन इसके बाद 2017 और 2022 में जयसिंहपुर की जनता ने उन्हें जनप्रतिनिधि चुनने से इनकार कर दिया। ऐसे में उन्हें डर है कि भीम अगर चुनाव लूज कर गए तो यहां वे निषादों के नेता हो जाएंगे। 2027 में होने वाले चुनाव में कही वो जयसिंहपुर से सपा से आकर उनके राजनैतिक कैरियर पर ब्रेक ना लगा दें। जिसके लिए उन्होंने अभी से पार्टी में लॉबिंग कर दी । सपा के कई पदाधिकारियों ने बताया कि यह सब लामबंदी लोकसभा प्रभारी की देन है, जब उन्हें टिकट नही मिला तो वही अब गुटबाजी को हवा दे रहे हैं। पार्टी के एक बुजुर्ग कहते हैं कि मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर जैसे हाल सुलतानपुर का भी हो गया है। नामांकन तिथि समाप्ति तक सब संभव है। यहां ये बता दें कि अयोध्या से सटे इस लोकसभा चुनाव में इस सीट पर साइकिल रनर तो रही लेकिन कभी विनर नहीं बन पाई। सपा ने बारी–बारी लगभग हर जाति बिरादरी के लोगों को साइकिल पर बैठाया लेकिन कोई जाति समीकरण काम नही आया। पड़ोसी जनपद अम्बेडकर नगर के पिछड़े वर्ग के नेता भीम निषाद पर सपा नेतृत्व ने इस बार भरोसा जताया। गौरतलब है कि 1999 में अंबेडकर नगर निवासी पूर्व मंत्री कद्दावर नेता रहे रामलखन वर्मा को सपा ने यहां से लड़ाया था। 25 साल बाद उसी जिले के भीम निषाद को मैदान में उतारा गया है।

सपा अपनी स्थापना के तीस सालों में यहां से 6 बार लड़ी, लेकिन जीत का सेहरा किसी के सिर नहीं बंध सका। वर्मा, मुस्लिम, ब्राह्मण, क्षत्रिय सबको मौका दिया लेकिन यहां साइकिल की रफ्तार कोई नहीं पकड़ा पाया। विधानसभा में तो वह पांच की पांच विधानसभा सीटों पर एक साथ काबिज रही लेकिन लोकसभा के चुनाव में रनर तो रही लेकिन विनर कभी नहीं बन पाई। 1996 में पहली बार तत्कालीन जिलाध्यक्ष कामरुज्जमा श्फौजीश, 1998 में इलाहाबाद की मेयर रीता बहुगुणा जोशी, 1999 में अंबेडकर नगर के विधायक राम लखन वर्मा, 2004 में एमएलसी रहे शैलेंद्र प्रताप सिंह, 2009 में पूर्व विधायक अशोक पांडेय, 2014 में पार्टी ने वरिष्ठ नेता शकील अहमद को लड़ाया।

# गोसाईगंज मे आयुष्मान कार्ड बनातें स्वास्थ्य कर्मी

### कैम्प मे चार दर्जन से लोगो नेबनवाया आयुष्मान कश्र्वर्ड

गोसाईगंज–अयोध्या।(आरएनएस ) गोशाईगंज कस्बे के वार्ड नं0–6 की सभासद आरती जायसवाल की मांग पर स्वास्थ्य महकमे द्वारा गुरुवार को ठंडी सडक पर खाद्य सुरक्षा अधि0(एनएफएसए) के तहत बने पात्र गृहस्थी राशन कार्डो में 6 या इससे अधिक यूनिट वाले कार्ड धारकों सहित 60 वर्ष के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लगाये गये कैंप मे सुबह से ही लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा!साम 3 बजे तक चले कैम्प मे चार दर्जन से अधिक लोगो ने अपना आयुष्मान कॉर्ड बनवाया!कॉर्ड बनवाने वालो मे 6 यूनिट या इससे अधिक तथा 60 वर्ष से ऊपर के एक दर्जन से अधिक लोगो ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का जब लाभ पाया तो उनके चेहरे खिल खिलाकर जहाँ हंस पड़े वही जिसका नाम आयुष्मान एप में नही दिखाई पड़ा उन्हें निराश होकर बैरंग होकर वापस लौटना पड़ा!मजेदार बात तो यह हैं कि 6 यूनिट से अधिक जिन राशनकार्ड धारकों को स्थानीय कोटेदार के यहां गेहूं और चावल मिल रहा है और उनका नाम जब आयुष्मान एप की सूची से गायब मिला तो उनको कैंप मे मौजूद स्वास्थय अधिकारियो ने समझा बुझाकर शांत कराया!मालूम हो कि सभासद आरती जायसवाल ने बीते दिनों सीएमओ संजय जैन को मांगपत्र देकर अपने वार्ड मे आयुष्मानकैंप लगाने की मांग की थी!जिस पर मया सीएचसी प्रभारी डॉ0 अंशुमान यादव ने गोशाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी(सीएचओ)स्वेता सिंह एवं एएनएम ससिबाला के साथ मया सीएचसी मे कार्यरत अंकित को आयुष्मान कॉर्ड बनाने के लिए भेजा था!इतना ही नही भीड़ से बचने के लिए जब जरुरतमंदो ने इस सुबिधा का लाभ लेने के लिए प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप लोड कर आवेदन करना चाहा तो कभी सरवर ने दगा दिया तो कभी सिस्टम ही फेल बताने लगा। आयुष्मान शिविर में आए सीएचओ डॉ0 स्वेता सिंह ने बताया कि शिविर मे लगभग 4 दर्जन से अधिक लोगो का आयुष्मान कॉर्ड बनाया गया!कैंप मे सभासद अवधेश स्वर्णकार,रविंद्र यादव,सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल,जगदम्बा कसौधन,आलोक अंगियार,पूर्व सभासद प्रशांत गुप्ता,अशोक चौरसिया,मनोज कसौधन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विद्यादान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं हो सकता – तेज नारायण पांडे

### –धूमधाम के साथ मनाया गया डा. लोहिया इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह

अयोध्या (आरएनएस )। बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शेरपुर खपरैला बाजार में स्थित डॉक्टर लोहिया इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर मौजूद रहे ।विद्यालय के प्रबंधक एवं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया ।मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने इस मौके पर कहा कि विद्यादान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं हो सकता ऐसे में विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों से बेहतरीन शिक्षा ग्रहण कर उन्हें समाज को आगे ले जाने में मदद करनी चाहिए ।श्री पांडे ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तमाम अवसर है जिसका फायदा विद्यार्थियों को उठाना चाहिए श्री पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में कन्या विद्या धन दिया है बेटियों को लैपटॉप दिया है बेरोजगारी भत्ता दिया है गरीबों को समाजवादी पेंशन दिया है बेरोजगार नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता दिया है किसानों को मुक्त सिंचाई दिया है ऐसे नेता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से बिजयी बनावे ।कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत कर रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही ।विद्यालय के प्रबंधक एवं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम समाज को और बेहतर बना सकते हैं इसलिए हमारे समाज में शिक्षा का विशेष महत्व है ।समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने भी इस मौके पर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष राकेश चौरसिया सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद जेपी यादव ओ पी पासवान राजेश पटेल जिला सचिव रोली यादव जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजय रावत अतुल यादव बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष गया प्रसाद यादव जमुना प्रसाद वर्मा मायाराम यादव सत्य प्रकाश वर्मा राजू वर्मा रामदेव वर्मा शोएब खान आदि लोग मौजूद रहे

# संपादकीय

## मध्यम अवधि की आर्थिक नीति

सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी योजना एक विकसित भारत तैयार करने की है। इस लक्ष्य के लिए कई तिथियों के सुझाव सामने आए, हालांकि सबसे अधिक जिक्र 2047 का है जब देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ होगी। ऐसी महत्त्वाकांक्षा तय करना एकदम उचित है। बहरहाल, ऐसे लक्ष्य के लिए जिस पैमाने पर वृद्धि हासिल करनी होगी उसे हासिल करना आसान नहीं होगा। इसके लिए दशकों तक साल दर साल कम से कम आठ फीसदी की दर से वृद्धि हासिल करनी होगी। यदि हम ऐसा कर सके तब जाकर 14,000 डॉलर प्रति व्यक्ति के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद तक पहुंच सकेंगे जो उच्च आय वाले देशों के लिए वर्तमान मानक है।

अब तक करीब छह देशों ने यह स्तर हासिल किया है। परंतु ऐसी वृद्धि हासिल करना संभव है। चीन वर्षों की तेज वृद्धि के बाद अगले कुछ वर्षों में 14,000 डॉलर का स्तर प्राप्त कर सकता है। यह स्थिति तब है जबकि हाल के दिनों में चीन की आर्थिक गति कमजोर पड़ी है। पूर्वी यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों ने भी इस समय में तेज वृद्धि बरकरार रखी है।

भारत जैसे जटिल देश में यह स्पष्ट है कि ऊंची और टिकाऊ वृद्धि अपने आप नहीं आएगी। वर्तमान परिदृश्य में तो ऐसा ही प्रतीत होता है। सन 1990 और 2000 के दशक की स्वर्णिम अवधि के उलट आज वैश्विक हालात प्रतिकूल हैं। महत्त्वाकांक्षी विकासशील देशों के लिए भी हालात मुश्किल हैं। इसकी कई वजह हैं।

पहली, कारोबारी व्यवस्था बहुत सीमित हो गई है क्योंकि विभिन्न देश ऐसी औद्योगिक नीतियों में व्यस्त हैं जहां घरेलू सब्सिडी और शुल्क दरों से जुड़े प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। दूसरा, अमेरिका और चीन के बीच छिड़े शीतयुद्ध ने मूल्य श्रृंखलाओं को विभाजित कर दिया और निवेश रणनीतियों को जटिल बना दिया। तीसरा, तकनीकी बदलावों ने किफायती श्रम लागत के इर्दगिर्द बनी विकास नीतियों को मुश्किल बना दिया है।

अन्य वृहद रुझानों को भी इसमें शामिल करना होगा जिसमें जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा पर्यावरण के अनुकूल बदलावों का असर शामिल है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता भारत समेत किसी भी देश की क्षमता को प्रभावित करती है। उन्हें सस्ती ऊर्जा के लिए घरेलू कोयले पर निर्भर रहना पड़ता है।

इससे औद्योगीकरण की लागत बढ़ती है क्योंकि मध्यवर्ती वस्तुएं बनाने के लिए उच्च लागत वाली तकनीकों की आवश्यकता होती है। ऐसे में निकल जैसे नए संसाधन और जिंस विदेशी मुद्रा भंडार पर अधिक असर डालते हैं तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हालात को मुश्किल बनाने का काम करते हैं।

ऐसे में यह मानना अतिरिक्त रूप से आशावादी होगा कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय उचित नीतियां बनाकर इन जटिल वैश्विक और आर्थिक हालात से आसानी से निपट सकेंगे। ऐसा रवैया भारत को आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में कुछ बेहतर स्थिति में रख सकता है लेकिन इससे विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक टिकाऊ वृद्धि हासिल होती नहीं दिखती।

ऐसे में मध्यम अवधि में अधिक सुसंगत नीति बनाने का कोई अन्य विकल्प नहीं नजर आता जो वृद्धि और विकास के लिए जरूरी विभिन्न प्रासंगिक क्षेत्रों को एकीकृत कर सके तथा उपरोक्त रुझानों और शक्तियों का भी ध्यान रखे। जरूरी नहीं कि मध्यम अवधि की ऐसी रणनीतियों को भी अतीत की पंचवर्षीय योजनाओं की सांविधिक शक्ति की आवश्यकता हो।

परंतु वे विभिन्न मंत्रालयों में नीति निर्माण को लेकर अहम निर्देश दे सकती हैं जो अन्यथा लंबी या मध्यम अवधि के नियोजन में क्षमता की कमी के शिकार होते हैं। इस कार्य की वास्तविक जगह नीति आयोग होगा।

सरकार का यह आंतरिक थिंक टैंक अपनी बौद्धिक क्षमता को बढ़ा सकता है और उसे वृद्धि के लिए मध्यम अवधि का खाका तैयार करने का काम दिया जा सकता है जिसे समय–समय पर आंतरिक और बाह्य विकास के लिए समायोजित किया जा सकता है।

मुश्किल वैश्विक हालात में कंपनियों की बढ़ती चुनौतियां

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी, श्रम और विचारों के आदान–प्रदान पर पाबंदी में ढील उच्च आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्रोत थी। परंतु, इस समय चार ऐसी बातें या चुनौतियां हैं जो इस वैश्विक अर्थव्यवस्था को हानि पहुंचा रही हैं। दुनिया के देशों के बीच जुड़ाव एवं संपर्क बढने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि होती है वहीं, अलगाव से जीडीपी कमजोर पड़ता है।

चीन का प्रभाव कम करने के लिए संरक्षणवाद के खिलाफ आवाज उठाना नीति–निर्धारकों के हित में है। दुनिया में बदलती परिस्थितियों के बीच वित्तीय एवं गैर–वित्तीय कंपनियों के लिए अपने संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा कर उनमें सुधार करना आवश्यक है। वे जब तक इस मोर्चे पर कदम आगे नहीं बढ़ाएंगे, तब तक वर्तमान परिस्थितियों में बेहतर कारोबार नहीं कर पाएंगे।

आइए, अब हम उन चार चुनौतियों पर विचार करते हैं। वर्ष 2018 से हम श्तीसरे वैश्वीकरणत्र के दौर में आ गए हैं। इस श्तीसरे वैश्वीकरणत्र में विकसित देशों के साथ उन देशों का आर्थिक जुड़ाव अधिक कठिन हो गया है जो विदेश नीति एवं सैन्य मामलों में उपयुक्त एवं संतोषजनक स्थिति में नहीं दिख रहे हैं।

दूसरे वैश्वीकरण के दौरान यह तर्क दिया गया था कि रूस और चीन जैसे देशों को वैश्वीकरण के ताने–बाने में शामिल किए जाने के लाभ बाद में नजर आएंगे क्योंकि ये देश स्वतंत्रता की तरफ सावधानी से कदम बढ़ा रहे हैं, लेकिन यह गलत साबित हुआ। प्रत्येक अल्प विकसित देश को संपन्नता एवं स्वतंत्रता की तरफ बढने में कई पीढियों तक संघर्ष करना पड़ा है। लेकिन तृतीय वैश्वीकरण के पक्ष में दिए जा रहे तर्क में वजन दिख रहा है। दूसरा अहम बिंदु है कार्बन सीमा शुल्क (कार्बन बॉर्डर टैक्स)। कई लोग कार्बन सीमा शुल्क को संरक्षणवाद से जोड़कर देख रहे हैं जिसे उचित नहीं माना जा सकता। यूरोपीय उपभोक्ताओं ने ज्यादा कार्बन के इस्तेमाल से तैयार उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करने का समझौता किया है। यूरोपीय कार्बन सीमा समायोजन ढांचा (यूरोपीय कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म) से आशय संरक्षणवाद से नहीं है बल्कि इसका संबंध यूरोप में उत्पादन या इसकी सीमा से बाहर होने वाले उत्पादन के बीच समान अवसर बहाल करना है।

सैद्धांतिक स्तर पर देखें तो यह आयात पर मूल्यवर्धित कर (वैट) की तरह है, जो व्यापार में बाधा पहुंचाए बिना घरेलू नीति (वैट दर तैयार करने की नीति) तैयार करने की गुंजाइश प्रदान करता है। कार्बन उत्सर्जन कम करने के मामले में चीन भारत से आगे है। चीन में कुल ऊर्जा उपभोग में अक्षय ऊर्जा का हिस्सा 33 फीसदी तक हो गया है और यह तेजी से विकास कर रहा है। भारत की कमजोर ऊर्जा नीति भारतीय वस्तुओं के निर्यात को कमजोर कर देगी।

तीसरा पहलू चीन से जुड़ा है। चीन की अर्थव्यवस्था गहरे दबाव में रही है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2013 से सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है (चीन को आधुनिक बनाने के तंग श्याओ फिंग के प्रयासों को उन्होंने पलट दिया है)। नीतिगत स्तर पर अंध राष्ट्रवाद, बाहर के लोगों के प्रति शत्रुता और निजी क्षेत्र के लोगों के खिलाफ सरकार की दमनकारी नीतियां पांव पसार रही हैं। ऐसे और कुछ अन्य कारणों से चीन की आर्थिक वृद्धि उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई है।

# 18 लाख आबादी में 6 लाख मुस्लिम वोटर, फिर भी एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बीजेपी ने एक बार फिर से संजीव बालियान को मैदान में उतारा है। पिछली बार यानी साल 2019 आम चुनाव में बालियान ने मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। उधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक को उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण में पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर भी मतदान होना है। यूपी की एक बेहद खास लोकसभा सीट है मुज्जफरनगर, जहां का मुकाबला साल 2013 में हुए दंगों के बाद से बेहद रोचक और सुर्खियों में रहा है। यहां कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। इस क्षेत्र को जाटलैंड के नाम से भी जाना जाता हैं। बीजेपी के पास इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है. इस सीट से चौधरी चरण सिंह ने अपने जीवन का पहला लोकसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि उनको जीत नहीं मिल पाई थी. इस लोकसभा क्षेत्र में जाट और मुस्लिम वोटर्स की बहुलता है। हैरत की बात ये है कि 18 लाख की आबादी में से 6 लाख मुस्लिम वोटर होने के बाद यहां किसी राजनीतिक दल ने मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा. इसके अलावा किसी मुस्लिम प्रत्याशी ने निर्दलीय नामांकन भी नहीं किया है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बीजेपी ने एक बार फिर से संजीव बालियान को मैदान में उतारा है। पिछली बार यानी साल 2019 आम चुनाव में बालियान ने मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। उधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक को उम्मीदवार बनाया है। बहुजन समाज पार्टी ने रियल एस्टेट कारोबारी दारासिंह प्रजापति को टिकट दिया है। साल 2019 आम चुनाव में मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार संजीव बालियान ने आरएलडी मुखिया चौधरी अजीत सिंह को हराया था। बालियान को 5 लाख 73 हजार 780 वोट मिले थे। जबकि चौधरी अजीत सिंह को 5 लाख 67 हजार 254 वोट हासिल हुए थे। संजीव बालियान मुजफ्फरनगर के साथ–साथ मेरठ, शामली व बागपत सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक लोकप्रिय नेता के तौर पर जाने जाते हैं। बात उम्मीदवारों की सियासी रूख की कि जाये तो बीजेपी प्रत्याशी संजीव बालियान ने राज्य मंत्री के रूप में पब्लिक के बीच रहकर हमेशा उनके दुख और सुख को साझा किया है और अब लोकसभा चुनाव 2024 में भी भाजपा ने संजीव बालियान पर ही विश्वास जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। बता दें कि इस बार भाजपा के एनडीए गठबंधन में राष्ट्रीय लोक दल भी शामिल हो गया है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व राज्यसभा सांसद हरेंद्र मलिक जनपद मुजफ्फरनगर के कद्दावर नेताओं मे गिने जाते हैं। उनके पास विधानसभा और लोकसभा के 9 चुनाव खुद लड़ने और 4 चुनाव अपने बेटे पंकज मलिक को चुनाव लड़ाने का तजुर्बा है। हरेंद्र मलिक खतौली और बागरा विधानसभा से कई बार विधायक बनें जिसके बाद 1996 में किसान कामगार पार्टी जो अब राष्ट्रीय लोकदल के नाम से जानी जाती है, से चुनाव हारे। उसके बाद वर्ष 1998, 1999, 2009 में मुजफ्फरनगर से तो साल 2019 में कैराना लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव हारे और फिर 2002 में हरेंद्र मलिक को हरियाणा की इनेलो पार्टी से राज्यसभा सदस्य बनाया गया। अब 2024 में मुजफ्फरनगर लोकसभा से सपा व कांग्रेस के इंडी गठबंधन से फिर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। हरेंद्र मलिक अपने बेटे पंकज मलिक को विधायक बनाने में कामयाब रहे। पंकज मलिक एक बार बघरा से तो एक बार शामली से और फिर तीसरी बार चरथावल विधानसभा से विधायक बना। बात बसपा प्रत्याशी की कि जाये तो प्रजापति समाज के नेता और रियल एस्टेट कारोबारी दारा सिंह प्रजापति ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन कर दिया है। उन्होंने नामांकन पत्र के साथ अपनी संपत्ति और परिवारजनों का ब्योरा प्रस्तुत किया है। दारा सिंह प्रजापति की उम्र 55 साल हैं। पत्नी कमलेश, बेटी नेहा प्रजापति और एक बेटा ऋषभ प्रजापति हैं। इनके खिलाफ




कमिश्नरी कार्यालय मेरठ में धरने के दौरान भड़काऊ भाषण देने और विकास प्राधिकरण मेरठ की ध्वस्तीकरण कार्यवाही को रोकने संबंधित मामले दर्ज हैं। पिछले दिनों प्रजापति समाज को सामाजिक हक दिलाने के लिए हरिद्वार से गाजियाबाद तक एक स्वाभिमान यात्रा निकाली गयी थी जिसपर गाजियाबाद में लाठीचार्ज हुआ था। इस दौरान ही दारा सिंह चर्चाओं में आये थे। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर दारा सिंह प्रजापति के नामांकन के बाद मुकाबला त्रिकोणीय बनता नजर आ रहा है।बात एक भी मुस्लिम प्रत्याशी के मैदान में नहीं होने की ही कि जाये तो आश्चर्य होता है कि यह सब तब हुआ है जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर साल 1967 से अलग–अलग समय में मुस्लिम प्रत्याशी जीतते रहे. इसके पीछे यहां मुस्लिम वोटर की संख्या है. मुजफ्फरनगर की कुल आबादी 18 लाख है। इसमें से 6 लाख मुस्लिम हैं.लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर सपा, बसपा और भाजपा सहित 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें एक भी प्रत्याशी मुस्लिम नहीं है। ये हालात तब हैं। जब 1967 के बाद से मुजफ्फरनगर सीट पर कई मुस्लिम नेता सांसद चुने जा चुके हैं। इनमें लताफत अली खां, मुफ्ती मोहम्मद सईद और कादिर राना सरीखे दिग्गज मुस्लिम नेता शामिल हैं। यूपी की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट मुस्लिम राजनीति के लिए इतनी मुफीद साबित रही कि साल 1999 से 2014 तक लगातार 15 साल तक यहां मुस्लिम सांसद ही रहे। साल 1999 में कांग्रेस के सईदुज्जमां ने भाजपा के सोहनवीर सिंह को हराया। साल 2004 में सपा के मुनव्वर हसन ने भाजपा के ठाकुर अमरपाल सिंह को हराया। साल 2009 में बसपा के कादिर राना ने रालोद की अनुराधा चौधरी को हराया। यहां पहले लोकसभा की दो सीटें मुजफ्फरनगर और कैराना थी। बाद में कैराना लोकसभा सीट शामली जिले में चली गई। इन दोनों सीटों पर तीन बार दो–दो मुस्लिम नेता चुनाव जीते। पहली बार 1967 में मुजफ्फरनगर से लताफत अली खां और कैराना से गय्यूर अली खां चुनाव जीते।

दोनों मामा–भांजे थे। साल 1999 में मुजफ्फरनगर से सईदुज्जमा और कैराना से अमीर आलम खां चुनाव जीते। 2009 में मुजफ्फरनगर से कादिर राना और कैराना से तबस्सुम हसन चुनाव जीतीं।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार सौदे के संभावित परिणाम

अजय श्रीवास्तव

गत 12 मार्च को टेलीफोन पर बातचीत में भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री इस बात पर सहमत हुए कि वे साझा लाभ वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्दी अंजाम तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। हम आशा कर सकते हैं कि चुनाव के बाद देश में नई सरकार बनते ही भारत–ब्रिटेन एफटीए पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन के लिए एफटीए नई व्यापार साझेदारियां स्थापित करने की रणनीति का हिस्सा है।

इस बीच भारत भी तेजी से नए एफटीए को अंजाम दे रहा है मानो वह अपनी संरक्षणवादी छवि में बदलाव कर रहा हो। यह बदलाव तब आया जब नवंबर 2019 में भारत अचानक 16 देशों वाली क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसेप) वार्ता से बाहर हो गया।

बीते चार वर्षों में भारत ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफ्टा) के देशों मसलन स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिक्टनस्टाइन के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के साथ एफटीए आरसेप से बाहर आने के बाद भारत का पांचवां एफटीए होगा। भारत के एफटीए साझेदारों ने तेज वार्ता की रणनीति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है क्योंकि भारत के साथ एफटीए उन्हें एक बड़े उभरते बाजार तक पहुंच प्रदान करता है वह भी उच्च टैरिफ से बचकर।

माना जा रहा है कि एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2023 में भारत और ब्रिटेन का आपसी व्यापार 57 अरब डॉलर से अधिक हो गया। भारत ने जितना खर्च किया उससे 13.34 अरब डॉलर अधिक की राशि अर्जित की। भारत ने 11. 40 अरब डॉलर की वस्तुओं और 23.80 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात ब्रिटेन को किया और उससे 8.96 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं और 12.90 अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं की खरीद की।

दोनों देशों ने जनवरी 2022 में एफटीए को लेकर बातचीत शुरू की। इस वार्ता में 26 विषय शामिल हैं जिसमें वस्तु एवं सेवा व्यापार, बौद्धिक संपदा, सरकारी खरीद, स्रोत के नियम, व्यापार और टिकाऊ विकास, श्रम, लिंग और डिजिटल व्यापार आदि हैं। बातचीत के प्रमुख विषयों में से कुछ के अनुमानित परिणाम इस प्रकार हैंरू

वाणिज्यिक उत्पाद व्यापाररू भारत ब्रिटेन को जो निर्यात करता है उसका आधा से अधिक हिस्सा यानी करीब 6 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात पेट्रोलियम, औषधि, हीरे, मशीनों के कलपुर्जे, विमान और लकड़ी के फर्नीचर आदि पहले ही बिना आयात शुल्क के ब्रिटेन जाते हैं। ऐसे में इन निर्यातों को शुल्क दरों में संभावित कमी का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। बहरहाल करीब 5 अरब मूल्य का अन्य निर्यात जिसमें वस्त्र, कपड़ा, जूते–चप्पल, कालीन, कारें, समुद्री भोजन, अंगूर और आम शामिल हैं, उन्हें लाभ होगा क्योंकि अभी उन पर शुल्क चुकाना होता है।

इस व्यापार में ब्रिटेन को अधिक लाभ होगा क्योंकि भारत आने वाले उसके 91 फीसदी उत्पादों पर औसत से उच्च आयात शुल्क लगता है। ऐसे अधिकांश उत्पादों को भारत द्वारा शुल्क हटाए जाने का लाभ मिलेगा। भारत ब्रिटेन से आने वाली कारों पर आयात शुल्क को 100 फीसदी से कम करके 50 फीसदी कर सकता है तथा कुछ कारों को वह 25 फीसदी की न्यूनतम शुल्क दर पर भी आने दे सकता है।

इलेक्ट्रिक वाहनों पर भारत पहले ही शुल्क दर कम कर चुका है और उसे 100 फीसदी से कम करके 15 फीसदी तक कर दिया गया है। इससे संकेत मिलता है कि भारत ब्रिटेन को बेहतर पेशकश कर सकता है। इसी प्रकार वाइन के मामले में भारत आयात शुल्क को अगले 10 वर्ष में 150 फीसदी से कम करके 25 फीसदी कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया और स्विस वाइन के मामले में ऐसा हो चुका है। यानी कुछ सालों में 90 फीसदी द्विपक्षीय व्यापार शुल्क मुक्त हो जाएगा और व्यापार बढ़ेगा।

सेवारू भारत अपनी सूचना प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है। उसने ब्रिटेन से अनुरोध किया है कि वह भारतीय पेशेवरों को अल्पकालिक कामों के लिए प्राथमिकता पर वीजा प्रदान करे। बहरहाल, बड़ी तादाद में अल्पकालिक कामकाजी वीजा पाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन में प्रवासियों को लेकर चिंता बढ़ी है। ब्रिटेन दूरसंचार, विधिक और वित्तीय सेवा क्षेत्र को विदेशी प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दे सकते हैं।

ब्रिटेन के उत्पादकों को भारत सरकार के खरीद वाले क्षेत्रों को बिक्री की इजाजत देना उन्हें भारतीय कंपनियों के समकक्ष बना देगा। वहीं भारतीय कंपनियों को ब्रिटेन में सरकारी खरीद बाजार में तगड़ी प्रतिस्पर्धा और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में भारत को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

गैर कारोबारी मुद्दों पर होने वाली बातचीत में कई जटिल क्षेत्र शामिल हैं जो भारत के घरेलू नीतिगत क्षेत्र और आर्थिक हितों को प्रभावित कर सकते हैं। उनमें से प्रमुख हैंरू

1. भारत अपनी डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप को बचाने के लिए डेटा को स्थानीय रूप से रखने का हिमायती है जबकि ब्रिटेन के अबाध डेटा प्रवाह चाहता है और डिजिटल कारोबार के लिए न्यूनतम बाधाएं।

2. एक विकसित देश के रूप में ब्रिटेन को एफटीए में पर्यावरण और श्रम के क्षेत्र में उच्च मानकों को शामिल करना होगा। भारत सख्त प्रावधानों को लेकर सतर्क है क्योंकि वे उस पर आर्थिक बोझ डाल सकते हैं या उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त पर असर डाल सकते हैं।3. भारत इस बात से अवगत है कि एफटीए में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं मसलन अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन समझौते, पेरिस समझौते आदि का पालन भी पुरानी गैर बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं को प्रवर्तनीय दायित्वों में बदल सकता है। इससे नीति निर्माण का लचीलापन कम हो सकता है और ब्रिटेन द्वारा भारत के कपड़ों और अन्य श्रम आधारित निर्यात पर गैर टैरिफ अवरोध लगाने को उचित ठहराया जा सकता है।

4. भारत ट्रिप्स प्लस मानकों को अपनाने को लेकर भी सतर्क है और यह बात जेनरिक दवा उद्योग तथा दवाओं तक पहुंच को प्रभावित कर सकती है। ब्रिटेन डेटा की विशिष्टता को लेकर ऐसे प्रावधान चाहता है जो जेनरिक दवा बनाने वालों को एक खास समय के लिए मूल कंपनियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सकीय परीक्षण के डेटा पर भरोसा करने से रोकता है। भारत इस पर सहमत नहीं हो सकता है क्योंकि डेटा विशिष्टता जेनेरिक दवाओं की राह में देरी का सबब बन सकती है। इससे भारत और वे देश प्रभावित हो सकते हैं जो भारत की सस्ती जेनेरिक दवाओं पर निर्भर हैं।

5. एक और दिक्कत यह है कि भारत पहले ही टिकाऊपन, श्रम और बौद्धिक संपदा अधिकारों को लेकर ईएफटीए देशों के साथ एफटीए में कई प्रतिबद्धताएं जता चुका है। अब उसे और महत्त्वाकांक्षी प्रतिबद्धताओं को अपनाने का दबाव झेलना पड़ सकता है।

6. भारत और ब्रिटेन द्विपक्षीय निवेश समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं। ब्रिटेन बिना उसे अंतिम रूप दिए एफटीए पर हस्ताक्षर करने का अनिच्छुक है। दोनों देशों के रवैये में बहुत अंतर है लेकिन एफटीए को पूरा करने के लिए वे सहमत हो सकते हैं।

7. ब्रिटेन की कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) व्यवस्था जनवरी 2026 से लागू हो सकती है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सीबीएएम के साथ ब्रिटेन के उत्पाद बिना शुल्क के भारत आ सकते है लेकिन ब्रिटेन जाने वाले भारतीय उत्पादों को 12–24 फीसदी तक का शुल्क देना पड़ सकता है। भारत को इसे स्पष्ट करना चाहिए।ब्रिटेन के साथ एफटीए भारत की 15वीं व्यापक व्यापार संधि होगी और अब वक्त आ गया है कि सरकार इस बात पर प्रकाश डाले कि एफटीए ने किस तरह निर्यात, आयात, निवेश और अन्य क्षेत्रों को प्रभावित किया है।

## आज का राशिफल

मेष राशिरू आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार की सलाह आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है।

वृष राशिरूआज का दिन आपके लिए समान्य रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगीयो से मदद मिलेगी जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

मिथुन राशिरूआज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

कर्क राशिरू आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियाँ देंगे। आज कार्यों में माता–पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जाएंगे।

सिंह राशिरू आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में कोई नई जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान–सम्मान बढ़ेगा।

कन्या राशिरूआज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी।

तुला राशिरूआज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पडने से बचना चाहिए। छोटीरूछोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

वृश्चिक राशिरूआज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियो का हल मिलेगा। मिलजुल कर किए गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

धनु राशिरूआज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कोई बड़ा निवेश ना करें। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

मकर राशिरू आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

कुंभ राशिरू आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है।आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुएं, धन–धान्य में बढ़ोतरी होगी।

मीन राशि रूआज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। घर से कलेश दूर हो जाएंगें।

# स्टीव स्मिथ का बयान, कहा– विराट कोहली पर इस आईपीएल में भारी दबाव

स्टीव स्मिथ का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण विराट कोहली पर भारी दबाव है और उनके साथी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करके उनका साथ देना चाहिये। कोहली ने इस सत्र में आरसीबी के लिये चार मैचों में 67 . 66 की औसत से 203 रन बनाये हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण विराट कोहली पर भारी दबाव है और उनके साथी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करके उनका साथ देना चाहिये। कोहली ने इस सत्र में आरसीबी के लिये चार मैचों में 67 . 66 की औसत से 203 रन बनाये हैं जबकि दूसरे स्थान पर दिनेश कार्तिक हैं जो बस 90 रन बना सके हैं। कोहली के अच्छे फॉर्म के बावजूद आरसीबी ने चार में से तीन मैच गंवाये हैं और अंकतालिका में सातवें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डु प्लेसी और कैमरन ग्रीन का बल्ला खामोश ही रहा है। स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम के सदस्य स्मिथ ने चौनल के स्टूडियो पर पीटीआई से बातचीत में कहा ,'' दूसरे प्रमुख बल्लेबाजों को उसका साथ देना चाहिये। ऐसा करने पर वे टीम को जीत की राह पर ला सकते हैं। इस समय सारा दबाव विराट पर ही है।'' उन्होंने कहा ,'' शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों को उसकी मदद करनी चाहिये। उसने शुरूआत बहुत अच्छी की है लेकिन उसे सहयोग की जरूरत है। वह अकेला ही हर मैच में रन नहीं बना सकता। '' स्मिथ ने धीमी स्ट्राइक रेट को लेकर कोहली की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि दुनिया का कोई खिलाड़ी हालात को कोहली से बेहतर नहीं समझ सकता। उन्होंने



कहा ,'' कोहली शानदार खिलाड़ी है। वह हालात को बखूबी समझकर उसके अनुरूप खेलता है और इस मामले में दुनिया में उसका कोई सानी नहीं है।'' रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद दर्शकों का आक्रोश झेल रहे हार्दिक पंड्या के मामले में उन्होंने कहा कि दर्शकों को अतीत में जीना छोड़ना चाहिये। उन्होंने कहा ,'' यह दुर्भाग्यपूर्ण है। दर्शकों को हार्दिक का साथ देना चाहिये लेकिन रोहित के प्रशंसक अपार हैं। वे नाराज हैं कि वह कप्तान क्यो नहीं है। लेकिन अब उसे भुलाकर हार्दिक का साथ देना होगा। वह गुजरात टाइटंस का सफल कप्तान रहा है और अब मुंबई में लौटा है। सीनियर खिलाड़ियों को उसकी मदद करनी चाहिये।''छह साल पहले केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़खनी मामले को लेकर प्रतिबंध झेल चुके स्मिथ ने कहा ,'' इतनी नकारात्मकता के बीच उसे इससे निपटने के रास्ते तलाशने होंगे। मुंबई जीत की राह पर लौटेगी तो सब ठीक हो जायेगा।

# बीच मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने की मौज–मस्ती, देखें वीडियो

मुंबई इंडियंस का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम ने अपने तीनों शुरुआती मैच गंवा दिए हैं। इस बीच मुंबई इंडियंस ने टीम को रिफ्रेश होने के लिए ब्रेक दिया है, जिसमें खिलाड़ियों का ग्रुप आउटिंग के लिए निकला है। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम ने अपने तीनों शुरुआती मैच गंवा दिए हैं। इस बीच मुंबई इंडियंस ने टीम को रिफ्रेश होने के लिए ब्रेक दिया है, जिसमें खिलाड़ियों का ग्रुप आउटिंग के लिए निकला है। मुंबई इंडियंस को पिछले मैच में आरआर से हार का सामना करना पड़ा था। उनका आगामी मैच 7 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के साथ खेला जाना है। मुकाबले पहले लंच ब्रेक के चलते मुंबई इंडियं के खिलाड़ी पहले जामनगर छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचे।

# कौन हैं आशुतोष शर्मा ? युवराज सिंह का तोड़ चुके हैं रिकॉर्ड

आशुतोष आईपीएल से पहले उस समय सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने युवराज द्वारा बनाए गए टी20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने के रिकॉर्ड को अक्टूबर 2023 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ तोड़ा था। पंजाब किंग्स ने गुरुवार को आईपीएल 2024 के 17वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को उसी के घर में हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने शुभमन गिल की 89 रन की पारी के दम पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब ने एक गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर मैच को अपने नाम कर लिया। पंजाब को जीत की दहलीज तक पहुंचाने का श्रेय आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह को जाता है। जानते हैं कौन है आशुतोष शर्मा?पंजाब की स्थिति



एक समय पर बेहद खराब दिख रही थी। टीम के आधे बल्लेबाज 115 रन पर ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद जितेश शर्मा ने कुछ हाथ खोले और दो छक्के जड़े, लेकिन राशिद ने उन्हें अपना शिकार बनाया। इसके बाद शशांक और इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान पर उतरे आशुतोष शर्मा ने अपना रंग दिखाया। दोनों बल्लेबाजों ने गुजरात के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच सातवें विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी हुई। कौन हैं आशुतोष शर्मा?मध्य प्रदेश के रतलाम में 15 सितंबर 1998 में जन्में आशुतोष बचपन से ही क्रिकेट के शौकीन हैं। वह नमन ओझा के बहुत बड़े फैन हैं जिनका ताल्कु भी मध्य प्रदेश से है। रतलाम में जन्म के बाद उनकी पढ़ाई–लिखाई इंदौर में हुई। उन्होंने मध्य प्रदेश के लिए डेब्यू किया था। हालांकि, साल 2020 में चंद्रकांत पंडित के कोच बनने के बाद उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। उनका एकमात्र सहारा उनके बचपन के कोच भूपेन चौहान थे। जिनके समर्थन ने उन्हें कठिन समय में प्रेरित किया। आशुतोष ने पिछले साल अपना कोच खो दिया। इसके बाद उन्होंने रेलवे के लिए खेल का फैसला किया। भारत के लिए खेल चुके विकेटकीपर बल्लेबाज नमन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में काफी मदद की। वहीं आशुतोष आईपीएल से पहले उस समय सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने युवराज द्वारा बनाए गए टी20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने के रिकॉर्ड को अक्टूबर 2023 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ तोड़ा था।

# बेंगलुरु और रॉयल्स को टाप क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद


रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका।



स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है।इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी। गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है।ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिये हैं। अलजारी जोसेफ और रीसे टॉपली भी चल नहीं सके हैं। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर रू फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। राजस्थान रॉयल्सरू संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर–कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।


# मैच पर मंडराया बिजली का संकट, हैदराबाद स्टेडियम की बत्ती गुल

शुक्रवार को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले ही इस स्टेडियम में समस्याओं का अंबार लग गया है। दरअसल, आईपीएल 2024 के इस मुकाबले पर बिजली संकट मंडरा रहा है। उप्पल स्टेडियम में बिजली का बिल बकाया होने के चलते बिजली कटौती कर दी गई है।सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच शुक्रवार को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले ही इस स्टेडियम में समस्याओं का अंबार लग गया है। दरअसल, आईपीएल 2024 के इस मुकाबले पर बिजली संकट मंडरा रहा है। उप्पल स्टेडियम में बिजली का बिल बकाया होने के चलते बिजली कटौती कर दी गई है। न्यूज 18 के अनुसार तेलंगाना स्टेट सदर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन पर बकाया बिजली बिल के कारण बिजली आपूर्ति काट दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार एचसीए पर कुल 3.05 करोड़ रुपये का बिजली का बिल बकाया है। इसमें मूल बकाया और देरी से भुगतान के लिए सरचार्ज दोनों शामिल हैं। इकोविड के दौरान एचसीए ने तेलंगाना स्टेट सदर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से सरचार्ज माफ करने का अनुरोध किया था। लेकिन उन्होंने एचसीए को लेकर बिलकुल भी नरमी नहीं बरती। फरवरी 2024 में एक अंतिम नोटिस जारी किया गया था, जिसमें 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन एचसीए ने इस समय सीमा को पूरा नहीं किया, जिससे पावर कट की स्थिति पैदा हो गई है।



# हमने टारगेट अच्छा दिया था, खराब फील्डिंग और कैच छोड़ने के कारण हारे मैच– गिल

टाइटंस के क्षेत्ररक्षकों ने मैच में कम से कम तीन कैच टपकाए। गिल ने मैच के बाद कहा, ''कुछ कैच टपकाए। ऐसे विकेट पर जब आप कैच छोड़ते हो तो कभी भी आसान नहीं होता। इन परिस्थितियों में रनों का बचाव करना मुश्किल होता है। नई गेंद से कुछ मदद मिल रही थी लेकिन सुधार की गुंजाइश है।'' अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ तीन विकेट की हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने पर्याप्त रन बनाए थे लेकिन कैच टपकाने के कारण स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। टाइटंस के क्षेत्ररक्षकों ने मैच में कम से कम तीन कैच टपकाए। गिल ने मैच के बाद कहा, ''कुछ कैच टपकाए। ऐसे विकेट पर जब आप कैच छोड़ते हो तो कभी भी आसान नहीं होता। इन परिस्थितियों में रनों का बचाव करना मुश्किल होता है। नई गेंद से कुछ मदद मिल रही थी लेकिन सुधार की गुंजाइश है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि 200 काफी अच्छा स्कोर था।



# पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को दी पटखनी, शशांक ने खेली अर्धशतकीय पारी

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से मात दी। गुजरात टाइटसं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। जिसके जवाब में पंजाब ने खराब शुरुआत की लेकिन शशांक सिंह की अर्धशतकीय पारी से टीम ने ये मुकाबला जीत लिया। आईपीएल 2024 का 17वां मुकाबला गुजरात और पंजाब के बीच खेला गया। जहां पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से मात दी। गुजरात टाइटसं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए।



# बिना धोए एवोकाडो खाना होता है नुकसानदायक, जानिए इसे धोने और स्टोर करने का तरीका

पिछले कुछ वर्षों में एवोकाडो कई लोगों के नाश्ते का मुख्य हिस्सा बन गया है।इसका कारण है कि यह मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड, फाइबर, पोटैशियम, मैग्नीशियम और विटामिन–श्व जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है।हालांकि, ये फायदे तभी मिल सकते हैं, जब इस सुपरफूड को धोने और स्टोर करने का तरीका सही हो।आइए जानते हैं कि एवोकाडो को खाने से पहले धोना क्यों जरूरी है और इसे कैसे स्टोर किया जा सकता है।एवोकाडो को खाने से पहले धोना क्यों महत्वपूर्ण है

विशेषज्ञों के मुताबिक, एवोकाडो के छिलके पर साल्मोनेला और लिस्टेरिया जैसे हानिकारक बैक्टीरिया होते हैं।ऐसे में इसे ठीक से न धोया जाए तो छिलके से बैक्टीरिया चाकू पर, फिर उससे फल के जरिए हमारे शरीर में जा सकते हैं, जो मतली, उल्टी, दस्त और बुखार जैसी खाद्य जनित बीमारियों का कारण बन सकते हैं।इन बैक्टीरिया से गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में गंभीर जटिलताओं का खतरा अधिक होता है।

एवोकाडो को धोने का सही तरीका

एवोकाडो को धोने का सबसे साधारण और प्रभावी तरीका इसे ठंडे पानी से धोना है।लाभ के लिए एवोकाडो को बिना काटे ठंडे बहते पानी से धोएं और साबुन या कठोर डिटर्जेंट का इस्तेमाल करने से बचें।आप चाहें तो अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एवोकाडो पर सब्जी वाला ब्रश फेरें।एवोकाडो को धोने के बाद इसे पेपर टॉवल से थपथपाकर सुखा लें। यह तरीका बैक्टीरिया को फैलने से रोकने में काफी मदद कर सकता है।एवोकाडो के सेवन से मिलने वाले फायदेएवोकाडो में बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण मौजूद होता है, जो हृदय रोगों के जोखिमों को कम करने में कारगर है।इसके अतिरिक्त एवोकाडो में कई तरह के विटामिन्स और मिनरल्स समेत फाइबर की उच्च मात्रा मौजूद होती है, जो पाचन



क्रिया को सुधारने में अहम भूमिका निभा सकती है।इसके साथ ही इसमें मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड वसा को बढने से रोकने में मदद कर सकता है। एवोकाडो को स्टोर करने के तरीकेएवोकाडो को कभी भी फ्रिज में स्टोर नहीं करना चाहिए।इसका कारण है कि फ्रिज में रखने से इसके पकने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है, जिससे ये इस्तेमाल करने योग्य नहीं रह जाते हैं।इसके अलावा ठंडे तापमान से एवोकाडो की बनावट भी बिगड़ जाती है, जिससे ये जल्दी सड़ सकते हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि एवोकाडो को हमेशा कमरे के तापमान पर संग्रहित करना चाहिए।यहां जानिए

# मुहांसों को दूर भगाने के लिए चेहरे पर लगाएं ये 5 कोरियाई फेस मास्क, दिखेंगी खूबसूरत

कोरियाई त्वचा की देखभाल के नुस्खे दुनिया भर में मशहूर हैं, जिनके परिणाम भी शानदार होते हैं। दक्षिण कोरिया की त्वचा देखभाल काफी सरल और असरदार होती है।इन नुस्खों के जरिए त्वचा में होने वाली कील–मुंहासों जैसी परेशानियों को ठीक किया जा सकता है। कोरियाई स्किन केयर में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्रियां आपको अपनी रसोई में ही मिल जाएंगी।इन सामग्रियों से के–ब्यूटी से प्रेरित फेस मास्क बनाकर लगाएं।

चावल का पानी और टी–ट्री आयल

चावल का पानी मुंहासों को कम करने में मदद करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को चमकदार बनाने और दाग–धब्बों को कम करने के लिए जाने जाते हैं।इसे टी–ट्री आयल के साथ मिलाने से त्वचा चमकदार बन सकती है, क्योंकि यह एक सूजन–रोधी घटक है। यह मास्क त्वचा के प्राकृतिक तेल को छीने बिना मुहांसों को रोकना है।चावल के पानी में टी–ट्री आयल की कुछ बूंदों मिलाएं और इसे चेहरे पर 15–20 मिनट तक लगाकर सूखने दें।

हाईल्यूरॉनिक एसिड और ग्लिसरीन

के–ब्यूटी में हाइड्रेशन भी बेहद जरूरी होता है। तैलीय और संवेदनशील त्वचा के लिए नमी बनाए रखना आवश्यक होता है।कोरियाई मास्क में अक्सर हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन शामिल होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखते हैं। यह त्वचा से अत्यधिक पानी को खींच लेते हैं ताकि चेहरा चिपचिपा न दिखे।त्वचा को जरूरत से ज्यादा सुखाने से अधिक तेल उत्पादन हो सकता है, जिससे मुंहासे बढ़ जाते हैं।अपने त्वचा देखभाल रूटीन में शामिल करें ये 5 सामग्रियां।

स्नेल म्यूसीन

स्नेल म्यूसीन ग्लाइकोप्रोटीन, हाइलूरोनिक एसिड और ग्लाइकोलिक एसिड से भरपूर होता है। यह उत्पाद आकर्षक नहीं लगता, लेकिन बेहद असरदार होता है।यह जलयोजन को बढ़ावा देता है और त्वचा को एक्सफोलिएट भी करता है। इसे फेस मास्क की



तरह लगाने से मुंहासे और उनके दाग कम हो सकते हैं।इसे बनाने के लिए एक बर्तन में 2 कप कॉर्नस्टार्च डालें और 1 कप पानी डालकर मिलाएं। इसे 15 मिनट तक लगाकर रखें और ठंडे पानी से धो लें।

काओलिन या बेंटोनाइट क्ले

मुंहासों को मिटाने के लिए के–ब्यूटी मास्क में काओलिन या बेंटोनाइट क्ले भी इस्तेमाल किए जाते हैं। ये प्राकृतिक मिट्टियां रोमछिद्रों से अतिरिक्त सीबम और अशुद्धियों को साफ

# अजय देवगन की मैदान को मिला यूए सर्टिफिकेट, 10 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म



शैतान की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म मैदान में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है।ताजा खबर है कि सेंसर बोर्ड ने मैदान को यूध्ए सर्टिफिकेट देकर हरी झंडी दिखाई है।इसका मतलब इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं और 12 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी व्यस्क के साथ यह फिल्म देखनी होगी। यह फिल्म 3 घंटे, 1 मिनट और 30 सेकेंड लंबी होगी।मैदान की एडवांस बुकिंग विदेशों में शुरू हो चुकी है। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा ने किया है। बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं।प्रियामणि भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।मैदान ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है और टिकट खिड़की पर इस फिल्म का मुकाबला अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से हो रहा है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मैदान के निर्माताओं को फिल्म में एक डिस्क्लेमर जोडने के लिए कहा गया है, जिसमें लिखा है कि यह फिल्म सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध सच्ची घटनाओं, महान फुटबॉल खिलाडियों के विचारों और काल्पनिक तत्वों वाले लेखकों के शोध से प्रेरित एक काल्पनिक कृति है। साथ ही कहा गया है कि अस्वीकरण में यह भी लिखा होना चाहिए कि कुछ संवादों का उपयोग पूरी तरह से घटनाओं को नाटकीय बनाने के लिए किया गया है और यह फिल्म किसी अराजकता को भड़काने के लिए नहीं बनाई गई है।वहीं फिल्म की कहानी के बारे में बात करें तो यह गुमनाम नायक सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी की झलक पेश करेगी, जिन्होंने अपना जीवन फुटबॉल के लिए समर्पित कर दिया और भारत को बहुत गौरव दिलाया। उनकी जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म कोच सैयद अब्दुल रहीम के नेतृत्व में भारतीय फुटबॉल के स्वर्ण युग को श्रद्धांजलि है, जिसमें 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में टीम की जीत को दर्शाया गया है।

# महान संगीतकार उस्ताद इलैयाराजा की जिंदगी को पर्दे पर उतारने को तैयार धनुष, पहला पोस्टर जारी



बॉलीवुड और साउथ सुपरस्टार धनुष ने अपने नये प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है. एक्टर जल्द ही एक बायोपिक में दमदार रोल निभाने वाले हैं. एक्स (ट्विटर) पर धनुष ने एक पोस्टर के साथ फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है. धनुष साउथ फिल्म इंडस्ट्री के महान संगीतकार उस्ताद इलैयाराजी का किरदार निभाएंगे. धनुष अपने अंदाज में इलैयाराजी की जिंदगी को बड़े पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं. फिल्म डायरेक्टर अरुण मथेश्वरन इलैयाराजी के जीवन को बड़े पर्दे पर दिखाना चाहते हैं. वहीं इलैयाराजा के बेटे हैं युवान शंकर राजा ने प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है. इलैयाराजा की बायोपिक से धनुष की पहली झलक सामने आ चुकी है. चन्नई में एक कार्यक्रम में फिल्म का पहला पोस्टर लॉन्च किया गया है. दिग्गज एक्टर कलम हासन ने भी इस इवेंट में शामिल हुए थे जिन्होंने पोस्टर लॉन्च किया था. इलैयाराजा की फिल्म के पोस्टर को चेन्नई में एक कार्यक्रम में कमल हासन, वेट्री मारन, गंगई अमरेन और भारतीराजा की उपस्थिति में लॉन्च किया गया था. फिल्म, जिसका नाम इलैयाराजा ही रखा गया है. नीरव शाह को सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी सौंपी गई है.पोस्टर में युवा धनुष कंधे पर बैग लटकाए दुनिया से मुकाबला करने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं. पोस्टर में पुराने चेन्नई को भी दिखाया गया है जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था. पोस्टर शेयर करते हुए धनुष ने कहा कि यह किरदार निभाकर वह सम्मानित महसूस कर रहे हैं.इलैयाराजा दक्षिण भारतीय सिनेमा में एक महान संगीतकार हैं. उनके जीवन को पर्दे पर दिखाना ऐतिहासिक माना जा रहा है. उनकी बायोपिक एक नहीं, बल्कि पांच भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी.इस फिल्म को आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में देख सकते हैं. हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं हुआ है. फिल्म का म्यूजिक खुद इलैयाराजा तैयार करने वाले हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग इसी साल जुलाई में शुरू होगी तो वहीं यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है. पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में धनुष ने संगीत उस्ताद के प्रति गहरा प्यार जताया था. उन्होंने कहा, मैं इलैयाराजा का फैन और भक्त हूं. उनका संगीत मेरा साथी है और यह हर किसी को पसंद आता है. उनका संगीत मेरा अभिनय शिक्षक है. मैं किसी दृश्य से पहले एक गाना या बीजीएम सुनता था – और उसका संगीत मुझे बताता है कि सीन में कैसे अभिनय करना है.

कई लोग कहते हैं कि यह एक बड़ी चुनौती और जिम्मेदारी है, लेकिन, मुझे ऐसा नहीं लगता. वह मेरे साथ रहे हैं और हमेशा मेरे साथ रहेंगे.

# बेबी जान की शूटिंग को 70 दिन पूरे, वरुण धावन ने नई तस्वीर साझा कर बढ़ाया उत्साह



आने वाले दिनों में वरुण धवन को एक्शन थ्रिलर बेबी जॉन में देखा जाएगा। इसी कड़ी में अभिनेता अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर शूटिंग अपडेट साझा करते रहते हैं। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर ने फैंस का उत्साह बढ़ाया हुआ है। अब अभिनेता की लेटेस्ट पोस्ट ताबड़तोड़ सुर्खियां बटोर रही है।

वरुण धवन की एक्शन एंटरटेनर बेबी जॉन इस साल बॉलीवुड की सबसे बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्मों में से एक है। फिल्म फिलहाल फ्लोर पर है और वीडी ने 70 दिन की शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेता ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर साझा किया कि वह और टीम शूटिंग के लिए कितनी मेहनत कर रहे हैं।बेबी जॉन में वरुण धवन फुल एक्शन अवतार में नजर आएंगे। वरुण ने इंस्टाग्राम पर अपने लुक की झलक फैंस के साथ साझा करते हुए कहा कि यह उनके करियर की सबसे कठिन शूटिंग में से एक है। अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जब तक सूरज नहीं निकला तब तक लगातार फिल्मांकन होता रहा और फिर हमारी यूनिट भी चलती रही। सबसे कठिन शूटों में से एक जो मैंने ग्राइंड पर किया था। इसके साथ ही वरुण ने हैशटैग बेबी जॉन 70 का भी इस्तेमाल किया है।वरुण धवन की पोस्ट सामने आते ही सुर्खियों में छा गई, और इस पर अभिनेता के फैंस टिप्पणी कर अपना प्यार जाहिर करने लगे। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, सर आप बहुत मेहनती हैं। दूसरे ने लिखा, ऑल द बेस्ट बेबी जॉन. .गो स्ले इट। वहीं एक अन्य लिखते हैं, बेबी जॉन नाम सुन के बच्चा समझे है क्या...फायर है अपुन।

बेबी जॉन मुराद खेतानी और एटली का संयुक्त प्रयास है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश भी दमदार किरदार में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म बॉलीवुड में कीर्ति सुरेश के डेब्यू को चिन्हित करेगी। यह फिल्म जियो स्टूडियोज, एटली के ए फॉर एप्पल स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है।

# नानी 33 नानी ने श्रीकांत ओडेला के साथ फिर मिलाया हाथ, नई फिल्म के एलान से बढ़ाया उत्साह



दशहरा तिकड़ी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, अभिनेता नानी और निर्माता सुधाकर चेरुकुरी, एक नई फिल्म के लिए फिर से साथ आए हैं। पिछले साल उनकी फिल्म की रिलीज के ठीक एक साल बाद, नानी ने शनिवार को एक्स पर नई फिल्म की घोषणा की। एलान मात्र से ही फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है।

एक्स पर घोषणा करते हुए, नानी ने आगामी फिल्म को पागलपन कहा, और श्रीकांत के साथ फिर से काम करने के लिए स्पष्ट रूप से अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने लिखा, दशहरा आज एक साल का हो गया। इस अवसर पर नानी 33। एक श्रीकांत ओडेला पागलपन फिर से। 2023 में, श्रीकांत ने दशहरा से डेब्यू किया, जिसमें कीर्ति सुरेश और दीक्षित शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म उस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।

घोषणा पोस्टर को लाल रंग से रंगा गया है, जो दर्शाता है कि फिल्म हिंसक होगी, जबकि नानी दाढ़ी और मूंछों के साथ एक विशाल अवतार में दिखाई देते हैं। पोस्टर में वह सिगार पीते हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है, नेता बनने के लिए आपको किसी पहचान की आवश्यकता नहीं है। नानी के चेहरे और शरीर पर उनके अनुयायियों की भीड़ नजर आ रही है।निर्माताओं द्वारा साझा किए गए एक प्रेस नोट में लिखा है, क्रांति शुरू होने से पहले हिंसा अपना सही रूप ले लेती है। श्रीकांत ने नानी को एक और पावर–पैक किरदार में पेश करने के लिए एक और विजेता स्क्रिप्ट तैयार की। नानी 33 के साथ जल्द ही रक्त–पात के लिए तैयार हो जाइए। इसके लिए अपना दिल थामकर बैठिए। जब यह अफवाह उड़ी कि श्रीकांत फिर से नानी के साथ काम करेंगे, तो कई लोगों को आश्चर्य हुआ कि क्या यह फिल्म दशहरा की अगली कड़ी होगी। हालांकि, यह फिल्म सीक्वल नहीं है, निर्देशक पूरी तरह से अलग विषय पर लिख रहे हैं। सुधाकर श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर सिनेमाज बैनर के तहत फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। जबकि बाकी कलाकारों और क्रू की घोषणा अभी बाकी है। फिल्म 2025 की गर्मियों के दौरान रिलीज होगी।

## साइलेंस 2 से प्राची देसाई की पहली झलक आई सामने, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 2021 में आई फिल्म साइलेंस की दूसरी किस्त है।इस फिल्म में प्राची देसाई, अर्जुन माथुर और बरखा सिंह जैसे कलाकार भी अहम



भूमिकाओं में नजर आएंगे।हाल ही में साइलेंस 2 का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया।अब साइलेंस 2 से प्राची की पहली झलक सामने आ चुकी है। फिल्म में उनके किरदार का नाम इंस्पेक्टर संजना हैं। जी स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, यहां तक कि एक महान पुलिसकर्मी को भी मामले को सुलझाने के लिए एक शानदार टीम की आवश्यकता होती है। पेश है एसीपी अविनाश की सबसे भरोसेमंद सहयोगी – इंस्पेक्टर संजना।साइलेंस 2 का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म के पहले भाग को भी आप जी5 पर देख सकते हैं।साइलेंस 2 का निर्देशन अबन भरूचा देवहंस कर रहे हैं।

# कृतिका भारद्वाज ने योद्धा में अपनी भूमिका के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का लिया सहारा




हाल ही में रिलीज हुई सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत फिल्म योद्धा में प्रशिक्षु पायलट तान्या शर्मा की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस कृतिका भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार को अच्छे से निभाने के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का सहारा लिया।

एक्ट्रेस हिट स्ट्रीमिंग शो मिसमैच्ड का हिस्सा रही हैं, और मिसमैच्ड 2 के शूटिंग शेड्यूल के अंत में उन्हें योद्धा में भूमिका मिली।

एक्ट्रेस ने कहा कि मिसमैच्ड 2 में सिमरन का किरदार निभाकर महत्वाकांक्षी पायलट तान्या का किरदार निभाना वाकई दिलचस्प था।एक्ट्रेस ने कहा, मैंने उन सभी तकनीकी शब्दों को गहराई से सीखने के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का सहारा लिया। योद्धा के अंत में कॉकपिट दृश्यों की चरणबद्ध तरीके से शूटिंग स्वाभाविक रूप से कहानी के साथ प्रवाहित होती है। योद्धा में मेरा पहला दृश्य जहां मैं सिद्धार्थ के किरदार से टकराती हूं, ऐसा लगा कि यह वास्तविक जीवन में मुठभेड़ जैसा है। इसने हर चीज को वास्तविक और सहज बना दिया। उन्हें फिल्म में यह भूमिका कैसे मिली, इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जून 2021 में मैंने एक प्रोजेक्ट के लिए ऑडिशन दिया, बिना यह जाने कि यह योद्धा के लिए है। अक्टूबर में मिसमैच्ड सीजन 2 की शूटिंग के दौरान मुझे पंचमी की टीम से फोन आया और मुझे लुक टेस्ट के लिए निर्देशकों के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया गया। इसके बाद इस भूमिका के लिए मेरी पुष्टि हो गई। मैंने 24 नवंबर को मिसमैच्ड सीजन 2 की शूटिंग पूरी की और 27 नवंबर तक मैं योद्धा के सेट पर थी।सिद्धार्थ के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा , सिद्धार्थ के साथ काम करना एक सुखाद अनुभव था, वह अविश्वसनीय रूप से गर्मजोशी से भरा था। मेरे सभी सीन उनके साथ थे, इससे यह अनुभव और भी बेहतर हो गया। इंडस्ट्री में नया होने के बावजूद मुझे उनके आसपास कभी भी नौसिखिया जैसा महसूस नहीं हुआ। एक्ट्रेस ने कहा, एक्शन सीक्वेंस निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण थे लेकिन वे उत्साहवर्धक और अनुभव देने वाले थे। मुझे याद है कि सिड ने कहा था कि उन्होंने अपनी यात्रा 26 साल की उम्र में शुरू की थी, जो संयोग से वही उम्र है जो मेरी योद्धा की शूटिंग के दौरान थी। ऐसा लगा जैसे हमने अपने करियर में एक जैसी यात्रा साझा की है।

## रिवीलिंग टाप पहन नुसरत भरूचा ने शेयर किया बोल्ड लुक, तस्वीरें देख छूट जाएंगे पसीने

अपनी फिल्मों से ज्यादा लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस नुसरत भरूचा आए दिन अपने हॉट लुक्स फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लोगों के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनका हर अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तबाही मचाने लगता है।हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।नुसरत भरूचा अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में काफी स्टाइलिश और बोल्ड नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके हर एक लुक पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्यार लूटा रहे हैं।बता दें कि एक्ट्रेस हर बार अपने स्टाइलिश अंदाज से फैंस को बेताब किए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल भी होने लगता है।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने व्हाइट कलर का डीपनेक टॉप और साथ ही डेनिम जींस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं। न्यूड मेकअप, खुले बाल और लाइट आई मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारा है।एक्ट्रेस नुसरत भरूचा सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।



## बाक्स आफिस पर एकता कपूर की क्रू ने पार किया 40 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

राजेश ए कृष्णन के निर्देशन में बनी फिल्म क्रू में करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू पहली बार साथ नजर आ रही हैं और तीनों की शानदार जुगलबंदी ने दर्शकों के साथ समीक्षकों का भी दिल जीत लिया है।वीकेंड पर खूब नोट छापने के बाद अब क्रू की दैनिक कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है।इसके बावजूद फिल्म ने घरेलू



बॉक्स ऑफिस पर 40 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।अब क्रू की कमाई के छठे दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार को इस फिल्म ने 3.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 40.70 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में भी इस फिल्म ने तहलका मचाया हुआ है। इसने 80 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। एकता कपूर, रिया कपूर, अनिल कपूर और दिग्विजय पुरोहित ने मिलकर क्रू का निर्माण किया है।फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी मेहमान भूमिका में हैं। राजेश शर्मा और शाश्वत चटर्जी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, क्रू सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी।फिल्म का प्रीमियर मई के अंत तक किया जा सकता है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

# एक पिकप वाहन से 180 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



ब्यूरो लार देवरिया। शुक्रवार को थाना लार पुलिस द्वारा मेहरौना चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन रजि0 नं0 UP60BT5729 से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । जिसके द्वारा अपना नाम पता चन्दन सिंह यादव पुत्र बलिराम यादव निवासी तपनी थाना सुखपुरा जनपद बलिया बताया गया । वाहन की गहराई से जांच करने पर प्याज की बोरियों के नीचे छिपाकर रखी कुल 180 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गयी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15.50 लाख रुपए है एवं बरामद वाहन की कीमत लगभग 07 लाख रुपए है । इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा कुल बरामदगी 22.50 लाख रुपए की गयी। पुलिस टीम द्वारा वाहन व अंग्रेजी शराब को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर के अप्पे में टक्कर मारने से चालक की मौत, कई गंभीर

पूरामुफ्ती, कौशाम्बी (आरएनएस )। पूरामुफ्ती थाना गेट के समीप शुक्रवार की सुबह बेकाबू ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली ने अप्पे में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आटो के बगल में खड़े दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डाक्टर ने उन्हें एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव निवासी कमलेश पासी (35) पुत्र रामलखन पासी ट्रैक्टर चालक था। वह कोइलहा स्थित एक ईंट भट्ठे का ट्रैक्टर चलाता था। शुक्रवार सुबह वह ट्रैक्टर ट्राली में ईंट लादकर प्रयागराज की तरफ जा रहा था।इसी दौरान पूरामुफ्ती थाना गेट के समीप बेकाबू होकर सड़क किनारे सवारी के इंतजार में खड़ी अप्पे में टक्कर मार दिया। इसके बाद वहीं समीप खड़े हटवा निवासी यूसुफ (12) पुत्र जाकिर और बिहका गांव निवासी इकरार अहमद (26) पुत्र इफ्तेखार अहमद भी गंभीर रुप से घायल हो गए। जबकि ट्रैक्टर की सीट पर बैठे ही चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों की हालत नाजुक होने पर डाक्टर ने एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना

की जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है।

# सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असमाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई–अजीत सिंह

चायल, कौशाम्बी(आरएनएस )। ईद उल फितर पर्व को देखते हुए पूरामुफ्ती पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को थाना परिसर में एसओ ने सम्भ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान आगामी पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की।पीस कमेटी की बैठक के दौरान एसओ अजीत सिंह ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने अभी से ही शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया गया है। यदि कोई असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो ऐसे उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी बीट सिपाही और हल्का दरोगाओं को निर्देशित किया कि वह सभी धर्म गुरुओं को विश्वास में लेते हुए आने वाले त्योहार को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करने का काम करें। एसओ ने आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार को मनाने की अपील करते हुए कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आप लोग अपने कस्बा व क्षेत्र में किसी भी तरह की अराजकता न फैलने दें और किसी भी तरह की अफवाहों पर भी ध्यान न दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी किसी भी तरह की ऐसी पोस्ट जिससे माहौल खराब हो जाए उसको करने से मना किया। इस मौके पर एसएसआई अर्जुन सिंह, एसआई वरुण कांत, संतोष यादव, सुशील कुमार, चौकी प्रभारी सल्लाहपुर हर्षवीर सिंह, चौकी प्रभारी बेगम बाजार अमित सिंह और राजेश सिंह समेत इलाके के सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# गेंहू के खेत में आग लगने से डेढ़ बीघा फसल जलकर राख

मनौरी, कौशाम्बी(आरएनएस )। चायल तहसील के जुनैदपुर कोइलहा गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध दशा में गेंहू के खेत में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान को छूने लगी। आग की लपटों को देख मौके पर जुटे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक सगे भाई की डेढ़ बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। किसान ने घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दे दी है। चरवा थाने के सैय्यद सरावां गांव निवासी दानी यादव का पुश्तैनी खेत संदीपन घाट थाने के जुनैदपुर कोइलहा गांव में है। दानी और उनके भाई राधे यादव ने अपने खेत में गेंहू की फसल लगा रखी है। फसल पक कर तैयार थी। इसी दौरान शुक्रवार सुबह संदिग्ध दशा में उनके खेत में आग लग गई। कुद ही देर में आग की लपटें आसमान को छूने लगी। आग की लपटों को देख मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सबमर्सिबल के सहारे काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक दोनों भाइयों की डेढ़ बीघा फसल जलकर राख हो गई। जानकारी मिलने के बाद दोनों किसान भाई बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस के साथ–साथ तहसील प्रशासन को दे दी है।

# गिरगिट की तरह बदलते नजर आयधर्ती पुत्र नेता जी के करीबी

## निकाय चुनाव में साथ न मिलने पर पहना था पीला अंगौछा

करारी, कौशाम्बी।(आरएनएस ) राजनीति में कहा जाता है कि कब कहाँ क्या हो जाय कुछ नहीं कहा जा सकता। अपने फायदा के लिए कब किस पार्टी का झंडा लेकर नारा लगाते हुए प्रचार प्रसार शुरू कर दिया जाता है। राजनीति का कोई भरोसा नहीं। और बस यही कहा जाएगा यह सब राजनीति में चलता है। ऐसा ही कुछ नेता का रंग करारी में गिरगिट की तरह बदलते नजर आय। जो पहले कभी लाल टोपी पहनकर राजनीति को चमकाया और कभी अपने आपको धर्ती पुत्र नेता जी साथ न छोड़ने की कसम खाई थी लेकिन निकाय चुनाव में पार्टी का साथ न मिलने से पार्टी के खिलाफ नारे बाजी और धरना भी शुरू किया यही नहीं सत्ता पक्ष के नेता से मिलना जुलना शुरू हो गया और आगामी लोकसभा चुनाव में जिताने का भी जिम्मा लिया था। और पीला अंगौछा बराबर पहनते हुए सुर्खियां बटोरने लगे। अभी मात्र तीन माह पहले तक पीला अंगौछा पहनते नजर आय और पर्सनल गाड़ी में भी अक्सर पीला अंगौछा रखा नजर आता रहा, और जिंदाबाद के नारे लगते थे। जिले का एक विकास पुरुष नेता को खुले आम विरोध करते रहें अब जैसे ही चुनाव का सीजन आया वक्त बदलते देर नहीं हुवा कि। उछल कर पुनः खेमे में जाकर धर्ती पुत्र नेता की तारीफ करते नजर आय !करारी सहित जिले में चर्चा हो चली !वाह रे नेता जी आपकी बात का क्या कहना।

# फीस बृ(ि पर अभिभावकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज(आरएनएस )। सरकार द्वारा निजी स्कूलों में 15 प्रतिशत फीस बढ़ाने से आक्रोशित अभिभावकों ने आज उत्तर प्रदेश अभिभावक एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव करके उप जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन देकर बढ़ी हुई फीस वापस लेने की मांग की।ज्ञापन सौंपते हुए विजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षा माफियाओं के दबाव में आकर स्कूल प्रशासन हर वर्ष 15: फीस वृद्धि की है। वह किसी भी तरह से ठीक नहीं है। क्योंकि कोरोना काल में आम आदमी की कमर टूट गई जो अभी तक सम्भल नहीं सके, फीस वृद्धि के कारण लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने में असहजता होगी। इसलिए शासन को फीस वृद्धि के निर्णय पर पुनः विचार करके उसे वापस लेना चाहिए।
ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से बृजेश निषाद, सोनी अग्रहरि, रानी केसरवानी, प्रमोद गुप्ता, विकास अग्रहरि, विपिन केसरवानी, बबीता केसरवानी, राजकुमार जायसवाल, अनीता गुप्ता, अजय गुप्ता, संगीता केसरवानी, अनिकेत जायसवाल, कमलेश कुमार, पिंटू वाल्मीकि, कुंदन सिंह, मनीष गुप्ता आदि अभिभावक शामिल रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने शैक्षिक भ्रमण को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अजुहा, कौशाम्बी(आरएनएस )। अजुहा कस्बे में स्थित महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में बीएड संकाय के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण हरिद्वार , ऋषिकेश , आगरा, मथुरा , कुरुक्षेत्र के लिए प्रस्थान किया। शैक्षिक भ्रमण को महाविद्यालय के प्रबंधक व ब्लॉक प्रमुख अनुज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अनुज सिंह ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से छात्रों में ऐतिहासिक, भौगोलिक परिस्थितियों से वास्तविक साक्षात्कार कर सकते हैं। शैक्षिक भ्रमण ज्यादा व्यवहारिक है।

# सपा कार्यालय में मनाई गई महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुह्य की जयंती

प्रयागराज(आरएनएस )। महर्षि कश्यप एवं निषाद राज गुह्य की जयंती आज समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन में मनाई गई। दोनों महापुरुषों के चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करने के उपरांत उनके पदचिन्हो पर चलने और उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक संदीप पटेल, वरिष्ठ नेता महेन्द्र निषाद आदि वक्ताओं ने कहा कि दोनों महापुरुषों से जीवन के संघर्षों और मानवीय मूल्यों को बचाये रखने की प्रेरणा मिलती है। आज की पीढ़ी के लिए वरदान है। इस अवसर पर अनिल यादव, डॉ मानसिंह, संदीप पटेल, महेन्द्र निषाद,आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई अलविदा की नमाज, एसडीएम सीओ ने किया क्षेत्र का भ्रमण

सिराथू, कौशाम्बी।(आरएनएस ) अलविदा की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। मस्जिद में बड़ी संख्या में रोजेदार जमा हुए। रोजेदारों ने खुदा से अमन और तरक्की की दुआ मांगी। सिराथू तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। रमजान के पाक महीने के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की जाती है। जिसके बाद ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। मुस्लिम समाज के लोग पूरे उल्लास के साथ नमाज में शामिल हुए। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। सिराथू तहसील क्षेत्र के सिराथू , अजुहा , परास , सैनी , कड़ा , दारानगर , देवीगंज , औरेनी , अफजलपुर वारी , पईसा सहित विभिन्न गांव में पुलिस फोर्स भी पूरी तरह से अलर्ट रही। इस मौके पर एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा पुलिस के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर जरूरी निर्देश दिए । क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अलविदा की नमाज सम्पन्न हुई।मुस्लिम समुदाय में माहे रमजानुल मुबारक का आखिरी जुमा अलविदा जुमा कहलाता है। मुस्लिम समुदाय रमजान का चांद निकलने के बाद एक माह का रोजा रखते हैं। और इसी माह में पड़ने वाले आखिरी जुमा को मस्जिद में एकत्र होकर नमाज अदा करते हैं जिसे अलविदा जुमा कहते हैं। ग्राम सभा नारा की चार मस्जिदों में अलविदा की नमाज पढ़ाई गई। बड़े कुआं मस्जिद में सय्यद चांद मियां काजमी मदीना मस्जिद में हाफिज अब्दुल अजीज, एक मीनारा मस्जिद में हाफिज सिराजुल हक साहब, सैदाबाद मस्जिद में हाफिज कय्यूम साहब ने इमामत फरमाई।

# मतदाता बनने के लिए 6 मई तक कर सकते हैं आवेदन

## 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु होनी चाहिए पूर्ण

## वोटर हेल्पलाइन एप से आनलाइन कर सकते हैं आवेदन

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिक वोटर हेल्पलाइन एप अथवा बीएलओ के पास मौजूद वोटर लिस्ट में अपना नाम जांच लें। यदि मतदाता सूची में नाम नहीं शामिल है, तो अभी भी मतदाता बनने का समय है। एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा 6 मई तक मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए एंड्रॉयड स्मार्टफोन से गूगल प्लेयस्टोर में जाकर वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद एप पर मौजूद फॉर्म–6 को भरकर एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर आवेदन कर सकते हैं। अवजमते.मबप.हवअ.पद पर भी यह सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त बीएलओ तथा सभी तहसील मुख्यालयों में स्थापित वीआरसी सेंटर में भी फॉर्म–6 भरकर जमा किया जा सकता है। आवेदन से जुड़ी किसी भी समस्या के निराकरण के लिए



टॉल फ्री नंबर 1950 पर भी संपर्क किया जा सकता है।मतदाताओं को डिजिटली सशक्त बनाता है वोटर हेल्पलाइन एपजिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सुगम, समावेशी एवं सहभागिता पूर्ण बनाने में वोटर हेल्पलाइन है (वीएचए) महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस एप के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। वोटर लिस्ट में बतौर मतदाता अपना पंजीकरण कर सकते हैं। इतना ही नहीं मतदान केंद्र का पता एवं मतदाता पर्ची डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त चुनाव से जुड़ी विभिन्न जानकारियां जैसे उम्मीदवार के विषय में एवं परिणाम इत्यादि की जानकारी भी वीएचए एप पर उपलब्ध रहती है। सुविधा एप से मिलेगी घर बैठे अनुमति लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दौरान राजनीतिक दलों अथवा प्रत्याशियों को जनसभा, रैली, जुलूस, रोड शो, लाउडस्पीकर, प्रचार वाहन, अस्थायी कार्यालय हेलिपैड आदि की अनुमति लेने के लिए अब निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सुविधा एप तैयार किया है। सुविधा एप पर आवेदन कर अनुमति प्राप्त की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुविधा एप के माध्यम से कोई भी राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी रैली, बैठक, रोड शो, वाहनों व हैलीकॉप्टर की अनुमति ऑनलाइन ले सकता है। इसके अलावा प्रत्याशी सेवाओं के लिए ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। प्रत्याशी चुनावी बैठक, लाउड स्पीकर, वाहन परमिट, जलसा, जुलूस, रैली व अन्य सभी प्रकार की अनुमति के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में सुविधा पोर्टल पर या निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मौजूद सुविधा लिंक के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं।

# संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

नेवादा, कौशाम्बी।(आरएनएस ) पिपरी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध दशा में युवक का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। युवक का शव फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।दुर्गापुर गांव निवासी उमेश मिश्र किसानी करते हैं। उनके दो बेटे थे। बड़ा बेटा नितेश मिश्र दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। छोटो बेटा जीतेंद्र मिश्र उर्फ बब्बू (19) पिता के साथ मिलकर किसानी करता था। घर पर उमेश उनकी पत्नी और बेटा जितेंद्र ही रहते थे। गुरुवार रात जितेंद्र खाना खाकर कमरे में सोने के लिए चला गया। शुक्रवार सुबह देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने खिड़की से देखा तो जितेंद्र का शव साड़ी के सहारे चुल्ले से लटकता मिला। शव फांसी के फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद चौकी प्रभारी लोधौर पुलिस फोर्स और फील्ड यूनिट की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने बीएसए से किया शिष्टाचार भेंट

कौशाम्बी(आरएनएस )। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लाक इकाई कड़ा का चुनाव गुरुवार को बीआरसी कड़ा में संपन्न हुआ जिसमें अरुण कुमार मिश्रा अध्यक्ष, बी डी राना मंत्री और अजय कुमार कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए । इसी क्रम में शुक्रवार को नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने मंझनपुर बीएसए आफिस पहुंचकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा से एक शिष्टाचार भेंट कर मुंह मीठा कराया। उसके बाद शिक्षकों की किसी भी प्रकार की उचित समस्याओं को बिना किसी देरी के निराकरण करने का अनुरोध करते हुए सभी शिक्षकों की तरफ से स्कूलों में बेहतर पठन पाठन का विश्वास दिलाया। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को जीत की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया और कहा की किसी भी शिक्षक को अनावश्यक परेशान होने की आवश्यकता नही है। आप सभी मन लगाकर स्कूलों में अनुकूल वातावरण बनाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करें। शिक्षकों की जो भी समस्याएं आएंगी उन्हे नियमानुसार हल किया जाएगा। इस अवसर पर संघ जिला अध्यक्ष राम प्रताप लाली, जिला मंत्री गुणेष त्रिपाठी, रघुनाथ द्विवेदी ,
ज्ञानेंद्र शुक्ला महाकाल सहित काफी शिक्षक उपस्थित रहे।

# सांसद ऐसा हो जो विकास के मुद्दे पर करे कार्य

कौशाम्बी(आरएनएस )। लोकसभा चुनाव को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। इसी कड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं की नब्ज टटोल जा रही है। कौशांबी लोकसभा संसदीय सीट में सुबह चाय पर हुई चर्चा के दौरान मतदाताओं ने अपनी बात खुलकर सामने रखी।चाय पर चर्चा के दौरान लोगों ने अपनी बात बेबाकी से रखी। चर्चा में व्यापार, सड़क और बेरोजगारी , स्वास्थ्य व शिक्षा के मुद्दे उठे।

व्यापार मंडल दारानगर के अध्यक्ष शिव शंकर केसरवानी ने कहा कि विकास के नाम पर यहां कुछ नहीं मिला है। लोकसभा सीट पर सुविधाओं का अभाव है। शिव शंकर केसरवानी ने कहा कि देश में विकास हो रहा है, लेकिन कौशांबी की कोई सुध लेने वाला नहीं है। स्वास्थ्य, शिक्षा आदि पर ध्यान नहीं दिया गया । सांसद ऐसा हो जो व्यापारियों की समस्याओं को समझे।

म्योहरा के मतदाता लवकुश अग्रहरी का कहना है की यहां के सांसद का ध्यान विकास की ओर नहीं था। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई सुविधा नहीं मिली। प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार किया है पर्यटन की दृष्टि से कड़ा में काडीडोर के साथ महिलाओ के लिए उच्च शिक्षा के लिए महिला महाविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए।
म्योहरा के संदीप अग्रहरी का कहना है की अब तक जो सांसद बने सिर्फ वादे किए यहां मुख्य समस्या ट्रेन कनेक्टिविटी की है, व्यापारियों को काफी परेशानी होती है। लोगों ने कई बार सुबह में ट्रेन चलाने की मांग उठाई, लेकिन कुछ नहीं मिला। हमारी मांग है कि जो भी सांसद आए, कनेक्टिविटी पर ध्यान दे पाएं। सिराथू रेलवे स्टेशन को जकशन बनाए जाय।
सिराथू कस्बे के रमन केसरवानी का कहना है की सिराथू रेलवे स्टेशन के पांच किलोमीटर के क्षेत्र में शक्तिपीठ कड़ा धाम , ख्वाजा कड़क शाह मजार , संत मूल दास आश्रम सहित कई दार्शनिक स्थल है , सिराथू जक्शन बनने से जनपद के लोगो को इसका फायदा मिलेगा और विकास को एक नई गति मिलेगी।

# परिजनों के सो जाने पर युवती नगदी–जेवरात लेकर फरार

चरवा, कौशाम्बी।(आरएनएस ) चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव से गुरुवार की रात परिजनों के सो जाने के बाद एक युवती घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।सुबह उसे घर में न देख परिजनों के होश उड़ गए।परिजनों ने तमाम जगह उसकी तलाश की। सुराग लगाने के दौरान पता चला कि वह गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गई है। निराश होकर पिता ने शुक्रवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस युवती के सुराग में जुट गई है।

चरवा क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके अनुसार गुरुवार की रात वह परिजनों के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान उसकी 22 वर्षीय पुत्री घर में रखा दस हजार रुपए नगद और चांदी के जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।सुबह घर में पुत्री को न देख उसके होश उड़ गए।उसने तमाम संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की। इसी दौरान पता चला कि वह गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गई है।पिता ने शुक्रवार को थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के पुलिस युवती के सुराग में जुट गई है।

# चोरों ने दरवाजे की कुंडी काटकर जेवरात समेत लाखों का सामान किया पार

चायल, कौशाम्बी(आरएनएस )। चरवा थानाक्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव में गुरुवार की रात सूने घर के दरवाजे की कुंडी काट कर चोरों ने नकदी समेत लाखों रुपये का जेवरात पार कर दिया। सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने गृहस्वामी को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन बदहवास हालत में घर पहुंचे। घर में बिखरा सामान देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।प्रयागराज जनपद के झूंसी थाना अंतर्गत मनकापुर मजरा अंदावा निवासी अरुण कुमार साहू की ससुराल चरवा के शेखपुर रसूलपुर गांव में है। वह अपनी पत्नी गुड़िया साहू के साथ ससुराल में ही रहकर किसानी करते है। अरुण ने बताया कि गुरुवार को घर में ताला बंद कर मनकापुर में एक निमंत्रण में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गए थे। रात में चोर घर के दरवाजे की कुंडी काट कर कमरे में घुस गए। कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा दो हजार रुपया नकद, सोने की जंजीर, अंगूठी, आधा किलो चांदी के जेवरात, बर्तन, सिलाई मशीन, कपड़ा समेत लगभग डेढ़ लाख रुपये का सामान पार कर दिया।की जांच में जुट गई है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।